TNF TODAY

# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition | पृष्ठ- 08 | वर्ष-01 अंक-16 | मूल्य ₹7 | बुधवार | दिनांक- 15 .07 .2026

आरपीएफ की गुंडागर्दी नहीं चलेगी (पेज-3)

# आइडी फर्जी और मोबाइल ऑफ, आसान नहीं था 2.90 करोड़ की चोरी का खुलासा

## चारों संदिग्धों की करतूतों की कड़ियां खंगालने में दिन रात एक दिया पुलिस टीम ने

राजेश मिश्रा

**दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ और तत्परता से निभाई अपनी-अपनी जिम्मेदारी**

**दो करोड़ नकद और करीब 60 लाख के सामान की बरामदगी से गदगद हुए एसएसपी श्लोक कुमार**



**मथुरा।** गुजरात के गांधीनगर में अपनी पैतृक संपत्ति बेचकर वृंदावन में वास करने आए राकेश प्रजापति का तो सब कुछ लुट चुका था। 2.90 करोड़ नकद रुपया चोरी हो गया था। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो संदिग्ध आरोपितों का पता-ठिकाना ही गलत निकला। आइडी फर्जी थीं और मोबाइल फोन स्विच ऑफ। ऐसे में इतनी बड़ी चोरी का खुलासा पुलिस के लिए आसान नहीं था। लेकिन, चारों आरोपितों की कारगुजारियों की कड़ियां जोड़ते-जोड़ते पुलिस आखिर टारगेट तक पहुंच ही गई। एसएसपी श्लोक कुमार तो अपनी टीम के इस गुडवर्क से बहुत गदगद हुए।

गांधीनगर निवासी राकेश प्रजापति का पुत्र मानव करीब छह महीने से वृंदावन में प्रेमानंद महाराज के आश्रम में रह कर दीक्षा ले रहा है। राकेश की पत्नी का निधन कई वर्ष पहले हो चुका है। उन्होंने भी वृंदावन में आजीवन वास का संकल्प लेकर अपनी पैतृक संपत्ति बेच दी और यहां आ गए। सुनरख क्षेत्र में एक फ्लैट लेकर रहने लगे। पास ही एक गेस्टहाउस संचालकद्वय से मेलजोल बढ़ गया। उनकी दौलत का पता चलने पर संचालकों ने साजिश रची। जून माह में मांट क्षेत्र में प्लॉट दिखाने के बहाने जब राकेश को लेकर गए, इधर एक संचालक और इनके दो गुर्गों ने रकम पार कर दी।

तहरीर आने पर जैंत पुलिस ने जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर पता चला कि गेस्टहाउस संचालक फरार हो गए हैं। इनके मोबाइल नंबर भी ऑफ थे। दो अन्य आरोपितों में एक से फल और दूसरा जूस की ठेल लगाता था। ये दोनों भी फरार थे। जानकारी हुई कि ये लोग कुछ समय पहले ही आए थे। पुलिस ने पहली चुनौती इन चारों के रैकेट का पता करने की थी। सर्विलांस टीम ने इसमें अपनी भूमिका निभाई। इनके फोन नंबरों की पड़ताल से पता चला कि घटना से पहले और बाद में भी इन नंबरों में आपस में निरंतर बातचीत हुईं।

इसी आधार का पीछा करते करते पुलिस की टीमें अपने-अपने टारगेट की ओर दौड़ लीं। फरीदाबाद, कुशीनगर, सूरत में डेरा डाल लिया। पता चला कि गेस्ट हाउस का संचालन फरीदाबाद का राजन और कुशीनगर का आलोक संयुक्त रूप से कर रहे थे। दो अन्य आरोपित प्रेमसागर और हीरेन गेस्ट हाउस के पास ही फल और जूस की ठेल लगा रहे थे। दबिश के दौरान ये चारों अपने-अपने घर से फरार मिले। इस पर पुलिस का शक पक्का हो गया।

इधर, 14 जुलाई की रात को जैंत थानाध्यक्ष सोनू कुमार को इनके सुनरख रोड-हाईवे लिंक रोड पर एकत्र होने की सूचना मिली। थानाध्यक्ष ने पूरी टीम के साथ इनकी घेराबंदी कर चारों को दबोच लिया।इनकी निशानदेही पर चोरी की रकम से खरीदी गई कार, मोबाइल फोन आदि भी बरामद कर लिए।

### आलोक था चोरी की साजिश का मास्टर माइंड

पूछताछ में चारों ने बताया कि इस चोरी का मास्टरमाइंड आलोक है। उसने की पूरी साजिश रची थी। रकम चोरी होने के बाद राकेश प्रजापति ने जब आलोक से पूछा तो आलोक ने ही उसे और उसके लड़के को जान से मारने की धमकी देकर चुप रहने को कहा था। चोरी की रकम का बंटवारा करने के बाद चारों ने अपने शौक-मौज पर खुले हाथों से रुपया खर्च किया। कार से लेकर मोबाइल और कपड़े आदि ब्रांडेड थे। कुछ रकम को डॉलर में भी बदलवाया। पुलिस के अनुसार, इस विदेशी मुद्रा से वे विदेश घूमने की प्लानिंग कर रहे थे। आरोपितों ने बताया कि पुलिस में शिकायत दर्ज होने की जानकारी होने पर वे यहां से भाग गए।

### एसएसपी साहब के मार्गदर्शन में ये खुलासा संभव हुआ

जैंत थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि इतनी बड़ी चोरी ने पुलिस एकबारगी को परेशान हो गई लेकिन, एसएसपी श्लोक कुमार जी के मार्गदर्शन में सर्विलांस और अन्य टीमें गठित कर अलग-अलग टारगेट दिए गए। संयुक्त प्रयास से चोरी का खुलासा संभव हुआ। इस टीम में विकास शर्मा प्रभारी सर्विलांस सैल मथुरा मय टीम के साथ ही जैंत थाने के उपनिरीक्षक सुधीर राठी, केशव वशिष्ठ, निशान्त पायल, अंकित कुमार, अंकुश चौधरी, उत्तम भडाना, मनोज भाटी, संदीप कुमार, हैड कांस्टेबलगण अंकित कौशिक,रजनीश कुमार, विश्वेन्द्र सिह, विकास गौतम, कांस्टेबलगण, पीताम्बर सिह, पुष्पेन्द्र यादव, प्रदीप कुमार, मोहित खान, सर्विलांस सेल के हैड कांस्टेबलगण परवेन्द्र कुमार, राघवेन्द्र और कांस्टेबल पीयूष शामिल थे।

# पीओजेके विरोध प्रदर्शन: दशकों के शोषण और व्यवस्था का परिणाम है अशांति

## भारत ने पाक को दुनिया के सामने घेरा




एजेंसी, नई दिल्ली।

भारत ने मंगलवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (PoJK) में जारी विरोध-प्रदर्शनों को लेकर पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। भारत ने कहा कि यह अशांति इस्लामाबाद द्वारा उस इलाके में "दशकों से किए जा रहे व्यवस्थित शोषण, बुनियादी अधिकारों से वंचित रखने और प्रशासनिक दमन का नतीजा है, जिस पर उसका गैर-कानूनी और जबरदस्ती कब्जा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये विरोध-प्रदर्शन उस इलाके में पाकिस्तान की नीतियों का सीधा नतीजा हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा पाकिस्तान के अवैध और जबरन कब्जे वाले इलाकों में चल रहे विरोध-प्रदर्शन, पाकिस्तान द्वारा दशकों से किए जा रहे व्यवस्थित शोषण, मौलिक अधिकारों से वंचित रखने और प्रशासनिक दमन का सीधा नतीजा हैं।

### भारत ने की अंतरराष्ट्रीय जवाबदेही की मांग

सामने आई घटनाओं को गंभीर बताते हुए, विदेश मंत्रालय ने वैश्विक समुदाय से इस पर प्रतिक्रिया देने का आग्रह किया। मंत्रालय ने कहा हमें उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इन गंभीर उल्लंघनों और दुर्व्यवहार के लिए पाकिस्तान को पूरी तरह जवाबदेह ठहराएगा। भारत का यह बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में विरोध प्रदर्शन तेजी पकड़ रहे हैं।

### पीओजेके में क्यों हो रहे विरोध-प्रदर्शन?

जम्मू-कश्मीर में जारी विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व मुख्य रूप से अवामी एक्शन कमेटी और उससे जुड़े समूह कर रहे हैं। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार, यह आंदोलन राजनीतिक प्रतिनिधित्व, आर्थिक शिकायतों और प्रदर्शनकारियों द्वारा भेदभावपूर्ण शासन के रूप में वर्णित मांगों पर केंद्रित है। आंदोलन 34वें दिन में प्रवेश कर चुका है, और रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि दोनों पक्षों के बीच वार्ता विफल होने के बाद 15 जुलाई को एक नए विरोध मार्च की योजना बनाई गई है।

# खंदौली में दिनदहाड़े 40 लाख की लूट

- सर्राफा कारोबारी को बाइक से गिराकर की वारदात
- थैले में रखी थी नकदी, इलाके में दौड़ी सनसनी

टीएनएफ टुडे, आगरा।



खंदौली थाना क्षेत्र के गांव बगल घूंसा के पास मंगलवार को दिनदहाड़े हुई 40 लाख रुपये की लूट ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। बाइक सवार बदमाशों ने सरार्फा कारोबारी की बाइक में टक्कर मारकर उन्हें सड़क पर गिरा दिया और तमंचे के बल पर रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले के खुलासे के लिए पुलिस की तीन विशेष टीमें गठित की गई हैं।

जानकारी के अनुसार, हाथरस जिले के सादाबाद निवासी सरार्फा कारोबारी रामवीर आगरा के किनारी बाजार में चांदी खरीदने के लिए जा रहे थे। उनके पास करीब 40 लाख रुपये से भरा बैग था। शुरूआती जांच में सामने आया है कि बदमाश काफी देर से उनका पीछा कर रहे थे। जैसे ही कारोबारी खंदौली क्षेत्र के गांव बगल घूंसा के पास पहुंचे, बाइक सवार बदमाशों ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही रामवीर सड़क पर गिर पड़े। आरोप है कि बदमाशों ने उन्हें लात मारकर गिरा दिया। तमंचा तानकर रुपयों से भरा बैग छीना और तेज रफ्तार बाइक से फरार हो गए।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, लूटी गई रकम में 21 लाख रुपये बैंक से लिया गया ऋण था। जबकि शेष 19 लाख रुपये अन्य कारोबारियों के बताए जा रहे हैं। इन पैसों से किनारी बाजार में चांदी की खरीदारी की जानी थी।

घटना की सूचना मिलते ही खंदौली थाना पुलिस और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तत्काल आसपास के क्षेत्रों में घेराबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। साथ ही वारदात स्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

डीसीपी वेस्ट आदित्य ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस की तीन विशेष टीमें गठित कर दी गई हैं। सभी संभावित पहलुओं पर गहन जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा। दिनदहाड़े हुई इस बड़ी लूट की घटना से व्यापारियों और सरार्फा कारोबारियों में दहशत का माहौल है। कारोबारी संगठनों ने पुलिस से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के साथ-साथ व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था और गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## योगी सरकार के रोजगार मिशन को मिली रफ्तार

# आगरा में 467 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

- **बैंकिंग, फाइनेंस, आईटी और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की 30 से अधिक नामी कंपनियों ने किया प्रतिभाग**
- **करीब 1500 युवाओं ने कराया पंजीकरण, 15 हजार से 37 हजार रुपये प्रतिमाह तक की मिलीं नौकरियां**
- **योगी सरकार युवाओं को स्किल्ड बनाकर बिना किसी भेदभाव के दे रही रोजगार के समान अवसर**

टीएनएफ टुडे, आगरा।




उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के रोजगार मिशन को गति देते हुए युवाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से ताजनगरी आगरा में 'रोजगार मेला 2026' का भव्य आयोजन किया गया। सिकंदरा स्थित डॉ. एमपीएस कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, आगरा द्वारा आयोजित इस मेले में रोजगार की तलाश में सैंकड़ों छात्र- छात्राओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, विशिष्ट अतिथि आगरा उत्तर के विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, कॉलेज चेयरपर्सन स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह और सहायक निदेशक चंद्रचूड़ दुबे ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

### 30 से अधिक कंपनियों ने युवाओं को दिया अवसर

रोजगार मेले में युवाओं का भारी उत्साह देखने को मिला। सुबह 10 बजे से ही कॉलेज परिसर के बाहर लंबी कतारें लग गई थीं। विभागीय पोर्टल पर पहले से पंजीकृत युवाओं को सीधे साक्षात्कार के लिए भेजा गया, जबकि अन्य के लिए मौके पर ही निशुल्क हेल्प डेस्क बनाई गई। रोजगार मेले में एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, एक्सिस बैंक, एलआईसी, टेलीपर्फोर्मेंस, और कार्टयार्ड मैरिएट जैसी 30 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। पूरी चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और पूर्ण रूप से नि:शुल्क रखा गया था। मेले में लगभग 1500 युवाओं ने मेले में प्रतिभाग किया। देर शाम तक चली चयन प्रक्रिया के बाद 467 चयनित अभ्यर्थियों को 15 हजार से लेकर 37 हजार रुपये तक की नौकरियों के ऑफर लेटर सौंपे गए, जिससे उनके चेहरे खिल उठे। युवाओं को संबोधित करते हुए मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि आज का भारत युवाओं का भारत है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के रोजगार मिशन के तहत ऐसे मेलों का आयोजन कॉरपोरेट जगत और रोजगार की तलाश कर रहे योग्य युवाओं के बीच की दूरी को मिटा रहा है। आगरा के युवाओं में अद्भुत क्षमता है और उन्हें सही मंच प्रदान करने में डॉ. एमपीएस कॉलेज व क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय का यह संयुक्त प्रयास अत्यंत सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार युवाओं को स्किल्ड बनाने के साथ- साथ उनके हाथों को काम देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस तरह के मेलों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं को बिना किसी भेदभाव के समान अवसर मिल रहे हैं। इतने बड़े स्तर पर बेहतरीन व्यवस्थाएं करने के लिए कॉलेज प्रबंधन बधाई का पात्र है।

### इन प्रमुख कंपनियों ने परखी युवाओं की प्रतिभा

मेले में एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक ने विभिन्न पदों के लिए युवाओं के साक्षात्कार लिए। इसके अलावा टेलीपरफॉर्मेंस, टीमलीज डिजिटल, स्पेक्ट्रम टैलेंट मैनेजमेंट, एलआईसी, श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस, ठाकुर पब्लिशर्स, कोर्टयार्ड मैरियट, क्लार्क्स शिराज, एसीपीएल एक्सपोर्ट्स और अरविंद मोटर्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया।

**शहर को मिलेगी जाम से मुक्ति: जिलाधिकारी के निर्देश पर 10 प्रस्तावित पार्किंग स्थलों का हुआ सघन निरीक्षण**

# जनता और व्यापारियों को जल्द मिलेगी पार्किंग की समस्या से निजात



टीएनएफ टुडे, आगरा।

शहर की जनता और व्यापारियों को पार्किंग की भीषण समस्या से जल्द ही बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। जिलाधिकारी महोदय के कड़े निर्देशों के अनुपालन में, आज सुबह 9 बजे नगर निगम के उच्चाधिकारियों ने शहर में 10 चयनित प्रस्तावित पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण अभियान का नेतृत्व अपर नगर आयुक्त श्री शिशिर कुमार जी ने किया। उनके साथ सहायक नगर आयुक्त श्री अशोक प्रिय गौतम जी, संपत्ति अधिकारी श्री वैभव यादव जी और श्री जय पुरसनानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### इन 10 प्रस्तावित पार्किंग स्थलों का किया गया निरीक्षण

- जामा मस्जिद के सामने रेलवे लाइन की दीवार के साथ
- नाला महावीर में नाले के समीप
- बिजली घर से रामलीला मैदान के बीच स्थित रक्षा विभाग की जमीन
- पीपल मंडी (सब्जी मंडी) में बनी वर्तमान पार्किंग के ऊपर दूसरी पार्किंग व्यवस्था
- पुरानी चुंगी, दरेसी नंबर 3 पर स्थित पूर्व खादी आश्रम की जगह
- गंगा आरती स्थल के समीप उद्यान विभाग की जमीन
- हाथी घाट स्थित नगर निगम के शौचालय के पीछे का स्थान
- शाहगंज कम्पोजिट विद्यालय के समीप
- सिंधी बाजार में जलकल टंकी पर (विशेष रूप से दोपहिया वाहनों के लिए)
- कोतवाली के समीप पूर्व में बने कूड़ा घर के स्थान पर

### आगे की प्रक्रिया और सहयोग

इस अवसर पर श्री जय पुरसनानी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी 10 स्थानों का प्रारंभिक भौतिक निरीक्षण पूरा कर लिया गया है। अब नगर निगम की सहमति के बाद, जिन अन्य विभागों की यह जमीन है, उनसे अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इस पूरी प्रक्रिया में कोई भी विभागीय या तकनीकी अड़चन आती है, तो जिलाधिकारी महोदय ने पूर्ण मदद और समाधान का आश्वासन दिया है। यदि सब कुछ योजना के अनुरूप और सही रहा, तो नगर निगम के सहयोग से बहुत जल्द आगरा की जनता और व्यापारी वर्ग को पार्किंग की समस्या से स्थायी निजात मिल जाएगी।

### राम मंदिर ट्रस्ट के खातों पर रोजाना निगरानी, दैनिक ऑडिट व्यवस्था लागू

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने वित्तीय व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव किया है। सूत्रों के अनुसार, अंतरिम महासचिव डॉ. कृष्ण मोहन को ट्रस्ट के खातों की जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद चंदन राय और जगदीश आफले ने सहयोगी के रूप में अकाउंट सिस्टम का संचालन संभाल लिया है। दोनों अधिकारियों ने कामकाज शुरू कर दिया है। वित्तीय प्रक्रियाओं को नई व्यवस्था के तहत संचालित किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि सबसे बड़ा बदलाव दैनिक ऑडिट (डेली ऑडिट) व्यवस्था के रूप में किया गया है। अब मंदिर में होने वाली आय और व्यय का हर दिन मिलान और ऑडिट किया जा रहा है।

# मोदी की सुनते हैं पुतिन! पोलैंड का बड़ा खुलासा

एजेंसी, नई दिल्ली।

पोलैंड के उप-विदेश मंत्री व्लादिस्लाव थियोफिल बार्टोसजेव्स्की ने रूस-यूक्रेन युद्ध को और बढ़ने से रोकने की कोशिशों में भारत की भूमिका की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों पर बहुत ध्यान देते हैं और नई दिल्ली उन कुछ देशों में से एक है जो मॉस्को पर असर डाल सकते हैं। न्यूज एजेंसी अठक को दिए एक इंटरव्यू में बार्टोसजेव्स्की ने पीएम मोदी को रूस के साथ लंबे समय से संबंध रखने वाले एक ऐसे नेता के तौर पर बताया जिनका दुनिया भर में सम्मान है। उन्होंने यह भी कहा कि मॉस्को और कीव के बीच तनाव को और बढ़ने से रोकने में भारत की भूमिका बहुत अहम है। न्यूज एजेंसी के अनुसार, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के एक बहुत जाने-माने नेता हैं जिनका बहुत सम्मान किया जाता है। भारत के रूस (और उससे पहले सोवियत संघ) के साथ गुटनिरपेक्ष देश के तौर पर लंबे समय से संबंध रहे हैं। राष्ट्रपति पुतिन असल में प्रधानमंत्री मोदी की बातों पर ध्यान देते हैं। बार्टोस्जेव्स्की ने यह भी कहा कि वारसॉ और नई दिल्ली ने रूस से तेल आयात को लेकर अपने मतभेदों को सुलझा लिया है और अब वे एक-दूसरे के नजरिए को बेहतर ढंग से समझते हैं। उन्होंने कहा कि पोलैंड ने पहले चिंता जताई थी कि भारत द्वारा रियायती दरों पर रूसी कच्चा तेल खरीदने से रूस की युद्ध-अर्थव्यवस्था को मदद मिल रही है। हालांकि, उन्होंने आगे कहा कि दोनों देशों ने एक-दूसरे के नजरिए को समझ लिया है और अब यह मुद्दा चर्चा का कोई अहम विषय नहीं रहा। मुझे लगता है कि भारत के रूसी तेल खरीदने को लेकर हमने आलोचनात्मक रुख अपनाया था।

# 40 लाख की लूट पर उठे सवाल

## सूचना देने में देरी से जांच कई बिंदुओं पर केंद्रित

टीएनएफ टुडे, आगरा।

थाना खंदौली क्षेत्र में सराफा कारोबारी से कथित 40 लाख रुपये की लूट के मामले में पुलिस कई पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना को लेकर कुछ ऐसे तथ्य भी सामने आए हैं, जिनकी वजह से पुलिस हर एंगल से पड़ताल में जुटी है। बताया गया है कि कारोबारी ने वारदात के तुरंत बाद पुलिस कंट्रोल रूम (112) या स्थानीय थाना पुलिस को सूचना नहीं दी। पहले उन्होंने अपने परिजनों को मौके पर बुलाया और उनके पहुंचने के बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की सूत्रों के अनुसार, पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी





कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और कारोबारी के आने-जाने के रास्ते, कॉल डिटेल तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों की भी जांच कर रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बदमाशों को नकदी की जानकारी कैसे मिली और घटना वास्तव में किस प्रकार हुई फिलहाल पुलिस ने किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया है। 40 लाख रुपये की कथित लूट के दावे की भी उपलब्ध साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर पुष्टि की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी पुलिस ने मामले के खुलासे के लिए विशेष टीमें गठित की हैं और जांच जारी है।

# युवाओं ने जानी रेडियो प्रसारण की बारीकियां

टीएनएफ टुडे, आगरा।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित मेरा युवा भारत, आगरा द्वारा आज आकाशवाणी केंद्र, फतेहाबाद रोड, आगरा में पाँच दिवसीय एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम (ईएलपी) का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जनसंचार, रेडियो प्रसारण एवं मीडिया की कार्यप्रणाली का व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना तथा उनके कौशल एवं व्यक्तित्व का विकास करना है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में कुल 11 युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रतिभागियों को आकाशवाणी केंद्र के विभिन्न अनुभागों का भ्रमण कराया गया। उन्हें रेडियो प्रसारण की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। युवाओं ने सीखा कि किसी भी रेडियो कार्यक्रम की परिकल्पना, रिकॉर्डिंग, ध्वनि संपादन एवं प्रसारण किस प्रकार किया जाता है। इसके साथ ही समाचार बुलेटिन तैयार करने की प्रक्रिया, स्टूडियो संचालन, ध्वनि नियंत्रण प्रणाली एवं प्रसारण तकनीकों की भी विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर अनेंद्र सिंह, सहायक निदेशक (कार्यक्रम), आकाशवाणी केंद्र, आगरा ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार सहगल भी उपस्थित रहे। प्रथम दिवस में अंकित, अमन, शिवम, अर्शिया सहित 11 युवाओं ने सक्रिय सहभागिता की।

# प्रशासन की समझाइश से विरोध खत्म

### शाहपुर नदीम में 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन का कार्य शुरू

टीएनएफ टुडे, सैंया।

765 केवी दौसाझघिरोर ट्रांसमिशन लाइन परियोजना के तहत गांव शाहपुर नदीम में प्रस्तावित छह टावरों के निर्माण को लेकर पिछले कई दिनों से चल रहा ग्रामीणों का विरोध मंगलवार को प्रशासन की पहल से समाप्त हो गया। नायब तहसीलदार की समझाइश और ग्रामीणों से वार्ता के बाद सहमति बनी, जिसके पश्चात निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया।

नायब तहसीलदार हरीशंकर दुबे ने ग्रामीणों की आपत्तियों और शंकाओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका समाधान कराया। इसके बाद ग्रामीणों ने परियोजना में सहयोग देने की सहमति जताई और शांतिपूर्ण माहौल में टावर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया।




इस दौरान ग्राम प्रधान पदम कुमार सिंह के नेतृत्व में राजकुमार सिंह, रतन सिंह, सत्येंद्र सिंह, हरिओम सिंह, सुधीर सिंह, खजान सिंह, किशन सिंह, राजेंद्र सिंह, थान सिंह, रोहतान सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और प्रशासन का सहयोग किया।राजस्व विभाग की ओर से राजस्व निरीक्षक अनिरुद्ध सिंह और लेखपाल शैलेंद्र सिंह मौके पर मौजूद रहे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तेहरा पुलिस चौकी प्रभारी अनिरुद्ध दुबे पुलिस बल के साथ तैनात रहे। पावर ग्रिड की ओर से उपमहाप्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता, किशोर सोलंकी, टेक्नीशियन रोहित कुमार सहित टीम के अन्य सदस्य भी मौके पर उपस्थित रहे। प्रशासन ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से अब परियोजना का कार्य बिना किसी बाधा के आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे क्षेत्र की विद्युत ट्रांसमिशन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# शिक्षकों की समस्याओं का बीईओ को मांगपत्र

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, खेरागढ़ इकाई ने मंगलवार को नवागत खंड शिक्षा अधिकारी रंजन गुप्ता से मुलाकात कर शिक्षकों की वर्षों से लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सूरज शर्मा एवं ब्लॉक मंत्री रंजीत सिंह चाहर के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने चयन वेतनमान, वेतन एरियर के भुगतान, ऑनलाइन सेवा पुस्तिका में संशोधन सहित विभिन्न समस्याओं का विस्तृत ज्ञापन सौंपा।




खंड शिक्षा अधिकारी रंजन गुप्ता ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका जल्द निस्तारण कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के हितों से जुड़े मामलों का नियमानुसार समाधान कराया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में धीरेंद्र सिंह भगौर, प्रमोद राजपूत, श्रीनिवास परमार, सोनू बघेल, अनन अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण गोयल, संगीता भदौरिया, प्रीति गोयल, मीनाक्षी लोधी, पार्वती सिंह, पुष्पा कुमारी, राहुल दीक्षित, मनमोहन सोलंकी, नेत्रपाल सिंह, राधा, कल्पना चाहर, मुकेश प्रजापति और राजकपूर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। इस अवसर पर जगनेर ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण गोपाल उपाध्याय, ब्लॉक मंत्री ब्रजभूषण शर्मा, संयुक्त मंत्री सुनील कटारा, पुनीत गोयल, कामता प्रसाद, विजय सिकरवार और विजेंद्र सिंह बघेल भी उपस्थित रहे। संघ पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि नए बीईओ के कार्यकाल में शिक्षकों की लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

# जेब काटने वाला बदमाश दबोचा



टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

पुलिस ने लिफ्ट देने के बहाने राहगीरों की जेब काटकर रुपये चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से चोरी के 14,060 रुपये, एक देशी तमंचा 315 बोर, एक कारतूस, घटना में प्रयुक्त ब्लेड, चोरी की मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ा दी हैं।

पुलिस के अनुसार 5 मई को एक व्यक्ति से कागरौल चौराहे के पास तथा 10 जून को तहसील रोड पर लिफ्ट देने के बहाने जेब से रुपये चोरी करने की घटनाओं में खेरागढ़ थाने में मुकदमे दर्ज किए गए थे। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर गठित टीम ने एसीपी खेरागढ़ के नेतृत्व में 13/14 जुलाई की रात चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर गोपी उर्फ गोलू पुत्र मनोज उर्फ बच्चा निवासी ग्राम विष्णुपुरा, थाना बाह को मिलावल्ली मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर चोरी की नकदी, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, ब्लेड तथा अवैध तमंचा बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि मामले में चंदन पुत्र महेश और मिली पुत्र सुभाष, दोनों निवासी ग्राम विष्णुपुरा, थाना बाह, अभी फरार हैं। उसकी तलाश की जा रही है। आरोपी के विरुद्ध खेरागढ़ व इरादतनगर थानों में पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## अब डायरेक्ट जापान से जुड़ेगा आगरा



**फतेहाबाद।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश और वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आए जापानी प्रतिनिधिमंडल का आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भव्य स्वागत किया गया। इन्वेस्टर यूपी के तहत प्रदेश के दौरे पर पहुंचे इस उच्चस्तरीय दल का एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 21 स्थित टोल प्लाजा प्रतापपुरा पर यूपीडा व टोल प्रबंधन के अधिकारियों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। यूपीडा के मुख्य सुरक्षा अधिकारी आरएन सिंह के नेतृत्व में जापानी मेहमानों को पारंपरिक रूप से फूल-मालाएं पहनाई गईं और बुके भेंट कर उनका स्वागत किया गया। जापानी दल ने भी यूपीडा के इस आतिथ्य और एक्सप्रेसवे की विश्वस्तरीय ढांचागत सुविधाओं की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से राधामोहन द्विवेदी, प्रोजेक्ट मैनेजर प्रमोद धनगर, आरके चौधरी, ओमवीर गुर्जर, रामकुमार धाकरे, पंकज शर्मा, आशीष, मोहित और यतेंद्र सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

तहसील क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को सपा के वरिष्ठ नेता दलेल सिंह सिकरवार, अधिवक्ता रमेश चंद्र सिकरवार, राजेश गोस्वामी, शरीफ खां, कप्तान सिंह सिकरवार सहित अन्य किसान नेताओं ने उपजिलाधिकारी खेरागढ़ को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कागरौल एवं खेरागढ़ बिजली विभाग में कथित भ्रष्टाचार की जांच, किसानों व महिलाओं के साथ अभद्रता करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई, भूमि विकास बैंक एवं कैनरा बैंक द्वारा किसानों के उत्पीड़न पर रोक, निजी खाद-बीज विक्रेताओं द्वारा अधिक कीमत वसूले जाने की जांच तथा राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में सख्त कार्रवाई और सीबीसीआईडी जांच की मांग की गई। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि 18 जुलाई तक मांगों का समाधान नहीं हुआ तो



संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील खेरागढ़ का घेराव कर आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## शमशान की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

खेरागढ़। तहसील क्षेत्र के गांव पुसेंता के रहने वाले हेतराम ने जिलाधिकारी मनीष बंसल को प्रार्थना पत्र देकर गांव की श्मशान भूमि से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गांव की श्मशान भूमि पर रसूखदार लोगों ने पक्का निर्माण एवं घूरे आदि डालकर अवैध कब्जा कर लिया है। अब अन्य निर्माण कराने का प्रयास कर रहे हैं। कहना है कि श्मशान भूमि पर पहले से एक चबूतरा बना हुआ है और लोगों के अंतिम संस्कार के लिए यह सार्वजनिक भूमि उपयोग में आती रही है। कब्जे के कारण ग्रामीणों को अंतिम संस्कार करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले भी तहसील प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# कुश्ती और दौड़ में दिखा दम

### एबीवीपी की जिला स्तरीय कुश्ती एवं मैराथन प्रतियोगिता आयोजित

टीएनएफ टुडे, आगरा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, ब्रज प्रांत द्वारा आगरा जिला स्तरीय कुश्ती एवं मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कृष्णा कुश्ती एकेडमी, नोमिल में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. बृजेश कुमार चतुर्वेदी (प्रांत एग्रीविजन प्रमुख एवं जिला प्रमुख) रहे। विशिष्ट अतिथि दीपक कश्यप (विभाग संयोजक) तथा मुख्य वक्ता रजत जोशी (आगरा विभाग संगठन मंत्री) ने युवाओं को खेलों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं राष्ट्रीय चरित्र निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्जुन बघेल (जिला खेलो भारत संयोजक एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य) ने की। जबकि संचालन एवं संयोजन रोहित




चाहर (अकोला नगर सह मंत्री) ने किया। प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में परिषद के नगर एवं जिला स्तर के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मिशन-2027 में कूदी आजाद समाज पार्टी

### अरुण भारती बने आगरा महानगर मुख्य प्रभारी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

आगामी-2027 विधानसभा चुनाव को लेकर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने सांगठनिक स्तर पर अपनी सक्रियता काफी तेज कर दी है। पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर वरिष्ठ व सक्रिय कार्यकर्ता अरुण भारती को आगरा महानगर का मुख्य प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस घोषणा से कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। उनकी नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह में कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से नवनियुक्त मुख्य प्रभारी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि अरुण भारती के कुशल नेतृत्व और लंबे संगठनात्मक अनुभव का



लाभ पार्टी को मिलेगा, जिससे आगरा महानगर में संगठन को एक नई ताकत मिलेगी। अपनी इस नई जिम्मेदारी पर नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त प्रभारी अरुण भारती ने कहा कि वह पार्टी के भरोसे पर पूरी निष्ठा से खरे उतरेंगे। उनका मुख्य लक्ष्य बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय कर 2027 के चुनाव में पार्टी का बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से महानगर उपाध्यक्ष सोनू भारती, वार्ड-12 अध्यक्ष रीव कपिल, सेक्टर प्रभारी अरुण चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य उत्तम सिंह, विनय कुमार, मोहित, आकाश और विशाल सहित कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विकास भवन सभागार में किसान दिवस आज

**आगरा।** मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद के कृषकों की कृषि संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को विकास भवन सभागार, आगरा में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक विकास भवन सभागार में किसान दिवस आयोजित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निदेशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले किसान दिवस में कृषि एवं कृषक कल्याण से संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा किसानों की कृषि, सिंचाई, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, फसल बीमा, विद्युत, नलकूप, सहकारिता एवं अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर सुनवाई कर उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

TNF TODAY

टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday tnftoday

www.tnftoday.com / epaper




# आरपीएफ की गुंडागर्दी नहीं चलेगी

## डीआरएम कार्यालय परिसर में जमकर हुई नारेबाजी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

कैंट रेलवे स्टेशन पर डिप्टी स्टेशन सुपरिटेंडेंट (डीएसएस) नरेंद्र चाहर के साथ कथित मारपीट और उन्हें प्लेटफॉर्म पर घसीटने का मामला अब पूरे देश में तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को आगरा, मथुरा, कोटा, झांसी और दिल्ली समेत देश के करीब 30 शहरों में रेलवे कर्मचारियों ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रेलकर्मियों ने दोषी जवानों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। सुबह करीब साढ़े दस बजे आगरा में डीआरएम कार्यालय के बाहर सैकड़ों रेलकर्मी एकत्र हुए। प्रदर्शन में स्टेशन मास्टर्स, रेलवे कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी भी शामिल हुईं। कर्मचारियों ने आरपीएफ मुदार्बाद, गुंडागर्दी बंद करो और दोषियों को गिरफ्तार करो जैसे नारे लगाए।

प्रदर्शन के दौरान डीआरएम कार्यालय के बाहर सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में आरपीएफ जवानों को तैनात किया गया था। इसी बीच प्रदर्शन कर रहे रेलकर्मियों और आरपीएफ कर्मियों के बीच कई बार तीखी नोकझोंक भी हुई। हालांकि, वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी और समझाने के चलते स्थिति नियंत्रण में रही। रेल कर्मचारियों का आरोप है कि आरपीएफ के कुछ जवान आए दिन रेलवे कर्मचारियों और यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। उनका कहना है कि अगर इस घटना में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा हो सकती हैं। दरअसल, रविवार को आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर एक यात्री के चोटिल होने के बाद ट्रेन को रोकने के मुद्दे पर डिप्टी स्टेशन सुपरिटेंडेंट नरेंद्र चाहर और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि बहस बढ़ने के बाद आरपीएफ के कुछ जवानों ने डीएसएस नरेंद्र चाहर के साथ मारपीट की और उन्हें प्लेटफॉर्म पर घसीटते हुए ले गए। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों और कर्मचारियों ने घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद रेलवे कर्मचारियों में भारी नाराजगी फैल गई। आगरा मंडल ही नहीं, बल्कि देश के कई शहरों से रेलवे संगठनों ने इस घटना का विरोध शुरू कर दिया। जो कर्मचारी आगरा नहीं पहुंच सके, उन्होंने अपने-अपने कार्यस्थलों पर प्रदर्शन कर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने प्राथमिक कार्रवाई करते हुए आरपीएफ के एएसआई मेघराज मीणा, बालकिशन और कॉन्स्टेबल बदन सिंह तथा जितेंद्र को निलंबित कर दिया है। घटना की जांच जारी है और रेलवे प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। हालांकि, अब तक इस विरोध-प्रदर्शन का रेल यातायात पर कोई असर नहीं पड़ा है और सभी ट्रेनें सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं।



# पुण्यतिथि पर लगा रक्तदान शिविर

## सुरेंद्र प्रकाश भारद्वाज को दी श्रद्धांजलि

टीएनएफ टुडे, आगरा।

परम श्रद्धेय आदरणीय कार्ष्णि सुरेंद्र प्रकाश भारद्वाजकी द्वतीय पुण्यतिथि के पावन अवसर पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर (जंगल वाले बाबा), माल रोड परिसर में मंगलवार को विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन श्रद्धा, सेवा और मानवता की भावना के साथ सम्पन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान महादान के संकल्प को साकार किया।

लोकतम ब्लड बैंक, कमला नगर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री हनुमान जी के चरणों में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया।

रक्तदाताओं में मानव सेवा के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने जरूरतमंद मरीजों के जीवन की रक्षा के लिए आगे बढ़कर अपना अमूल्य योगदान दिया। इस अवसर पर महंत योगेश प्रकाश भारद्वाज ने सभी रक्तदाताओं का हृदय से अभिनंदन करते हुए कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। शिविर के सफल आयोजन में मुख्य रूप से डी आई जी शैलेन्द्र कुमार पांडे,महंत योगेश भारद्वाज, समाजसेवी श्याम भोजवानी, माधव भारद्वाज, अमित कपूर, अजय सिसोदिया, गोपाल शुक्ला, पंकज भाई, रामनिवास गुप्ता,अमित, मनोज गुप्ता, टीकम सिंह,पिंटू यादव,रंजीत सिसोदिया,कमलेश गुप्ता, सुशील आदि मौजूद रहे।



# फ्रिज में दिखी शिवलिंग जैसी आकृति

## दर्शन करने के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

टीएनएफ टुडे, आगरा।

शहर के खेरिया मोड़ स्थित नगला भुजा क्षेत्र में एक घर के फ्रिज के भीतर जमी बर्फ में शिवलिंग जैसी आकृति दिखाई देने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचने लगे। स्थानीय लोगों ने इसे भगवान शिव का चमत्कार मानते हुए पूजा-अर्चना शुरू कर दी। देखते ही देखते घर के बाहर दर्शन के लिए लंबी कतार लग गई और प्रसाद का वितरण भी शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि अमरनाथ गुफा में प्राकृतिक हिम शिवलिंग के पिघलने की चचाओं के बीच इस बफीर्ली आकृति की तुलना अमरनाथ के शिवलिंग से की जा रही है। श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयकारों के साथ दर्शन कर रहे हैं और श्रद्धापूर्वक चढ़ावा भी अर्पित कर रहे हैं। हालांकि, इस घटना को लेकर लोगों की अलग-अलग राय सामने आ रही है। एक वर्ग इसे भगवान शिव की कृपा और दिव्य संकेत मान रहा है।जबकि दूसरा वर्ग इसे फ्रिज के भीतर तापमान और नमी के कारण स्वाभाविक रूप से बनी बर्फ की आकृति बता रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि बर्फ कई बार संयोगवश ऐसी आकृतियां बना सकती है, जिन्हें लोग अपनी आस्था और दृष्टिकोण के अनुसार अलग-अलग रूप में देखते हैं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जहां इसे लेकर समर्थन और आलोचना दोनों तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।



# 'एक वृक्ष-एक जीवन, एक संकल्प-हरित भारत'

- विश्व हिंदू महासंघ आगरा ने चलाया पौधारोपण अभियान

टीएनएफ टुडे, आगरा।

विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के ब्रज क्षेत्र प्रभारी गौरव राय के नेतृत्व में विश्व हिंदू महासंघ द्वारा कुण्डौल आगरा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आगरा एवं मथुरा जिले से जिला प्रभारी आगरा अंतेश चौहान, जिला अध्यक्ष आगरा सौरव परिहार, जिला अध्यक्ष मथुरा वीरपाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आगरा प्रदीप कटारा, उपाध्यक्ष आगरा प्रदीप उपाध्याय, उपाध्यक्ष मथुरा ऋषि पाल सिंह, एडवोकेट विवेक उपाध्यक्ष, गगन उपाध्याय, अभिषेक कटारा, अनूप उपाध्याय, उत्तम सिंह वर्मा आदि उपस्थित रहे।सभी कार्यकताओं ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।




# डा. एमपीएस में युवाओं को मिला प्लेसमेंट

## केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल और विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ



टीएनएफ टुडे,आगरा।

डॉ. एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। सिकन्दरा, आगरा स्थित डॉ एमपीएस ग्रुप ऑफ इस्टीट्यूशंस में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत व क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, आगरा के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। आगरा-दिल्ली हाईवे पर नवीन सब्जी मण्डी के पास स्थित कॉलेज परिसर में आयोजित इस मेले में रोजगार की तलाश में आए हजारों छात्र-छात्राओं और युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। मेले का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल और विशिष्ट अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, डॉ एमपीएस ग्रुप ऑफ इस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय आगरा के सहायक निदेशक चंद्रचूड दुबे ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, आगरा के चेयरपर्सन स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह ने की। केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने कहा कि आज का भारत युवाओं का भारत है। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत ऐसे मेलों का आयोजन कॉरपोरेट जगत और रोजगार की तलाश कर रहे योग्य युवाओं के बीच की दूरी को मिटा रहा है। आगरा के युवाओं में अद्भुत क्षमता है और डॉ. एमपीएस कॉलेज व क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, आगरा का यह प्रयास सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खखंडेलवाल ने कहा कि डबल इंजन सरकार युवाओं को स्किल्ड बनाने के साथ-साथ उनके हाथों को काम देने के लिए प्रतिबद्ध है। देश-विदेश की नामी कंपनियों ने युवाओं का ऑन-द-स्पॉट चयन किया है। कॉलेज के चेयरपर्सन स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। रोजगार मेले में तकरीबन 15 सौ युवाओं ने रोजगार के लिए अपना पंजीकरण कराया। 30 से अधिक कर्पनियों ने 15 हजार से लेकर 37 हजार तक की नौकरियां युवाओं को प्रदान की। इस अवसर पर डॉ एमपीएस ग्रुप ऑफ इस्टीट्यूशंस के अकादमिक निदेशक डॉ विक्रान्त शास्त्री, प्रशासनिक निदेशक डॉ एके गोयल, डॉ एमपीएस वल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या राखी जैन, समस्त डीन, विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक व शिक्षणेत्तर कर्मचारीयों का विशेष योगदान रहा।

# ताजमहल पहुंचे पर्यटकों को दी सुरक्षा

## पुलिस ने किया साइबर फ्रॉड से सावधान

टीएनएफ टुडे, आगरा।

पुलिस कमिश्नर आगरा के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को थाना ताज सुरक्षा की त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) ने ताजमहल पहुंचे पर्यटकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया।

कोल्हापुर (महाराष्ट्र) से आए पर्यटकों के समूह का ताज सुरक्षा पुलिस ने स्वागत करते हुए उन्हें डिजिटल अरेस्ट, साइबर फ्रॉड, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल तथा उत्तर प्रदेश साइबर पुलिस वेबसाइट के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही ताजमहल से संबंधित आवश्यक सुरक्षा एवं पर्यटन संबंधी जानकारी भी साझा की गई। पुलिस अधिकारियों ने पर्यटकों से किसी भी अनजान कॉल, लिंक या ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने की अपील की और साइबर अपराध होने पर तुरंत हेल्पलाइन 1930 या संबंधित पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।पर्यटकों ने ताज सुरक्षा पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान यात्रियों की सुरक्षा और विश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इस अभियान में उप निरीक्षक पंकज सिंह पटेल, आरक्षी आशु तथा महिला आरक्षी शिखा ने सक्रिय भूमिका निभाई।



## होटलकर्मियों को दी अग्निशमन सुरक्षा की जानकारी

**आगरा।** शिवदयाल शर्मा सेवानिवृत्त सीएफओने होटल मधुश्री लिंक रोड नीयर पुलिस चौकी नुनिहाई थाना एत्माउदौला के होटल कर्मचारियों को अग्नि शमन सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कर्मचारियों को होटल भवन मे आग लगने के मुख्य कारणों व बुझाने के भी सुझाव दिए गए। होटल कर्म चारियों को गैस सिलेंडर पर खाना व चाय वनाते समय आग लगने पर आग बुझाने की व बुझाते समय सावधानी वरतने के भी सुझाव दिए गए। होटल में लगे फायर सिस्टम सहित उपलब्ध अग्नि शामक यन्त्रों को चलाने की व बुझाते समय सावधानी वरतने के भी सुझाव दिए गए। सेवानिवृत्त सीएफओने कर्मचारियों को फायर स्टेशन सहित आपातकालीन टेलीफोन नम्वरों की भी जानकारी दी। इस मौके पर मैनेजर प्रमोद तिवारी,सनी तोमर, कुलदीप, नरेन्द्र, राहुल, रतिक, आकाश, अभय पाल मौजूद रहे।

## धौरऊ गौशाला में वृक्षारोपण कल

**खंदौली (आगरा)।** पर्यावरण संरक्षण और जीव सेवा के संकल्प के साथ 15 जुलाई को ग्राम धौरऊ (ब्लॉक खंदौली) स्थित धौरऊ गौशाला में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस पुनीत अवसर पर सायं 4 बजे से सामूहिक वृक्षारोपण एवं गौ पूजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के क्षेत्रीय संगठन मंत्री उपस्थित रहेंगे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति में स्थानीय पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से पौधे लगाए जाएंगे और भारतीय संस्कृति के प्रतीक गोवंश की सेवा व पूजन का संकल्प लिया जाएगा। गौशाला प्रबंधन और आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध नागरिकों, पर्यावरण प्रेमियों और धमार्नुरागियों से इस पावन कार्यक्रम में समय से सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने का सादर अनुरोध किया है।

## सम्मान समारोह में बिखरेंगे कविता के रंग

**आगरा।** 16 जुलाई को नागरी प्रचारिणी सभा के पुस्तकालय भवन में भव्य सम्मान समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन अपराह्न 2 बजे होगा । समारोह के संयोजक प्रसिद्ध कवि डॉ राजकुमार रंजन के बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अधिवक्ता महेन्द्र कुमार गोयल एवं विशिष्ट अतिथि यादराम वर्माकवि किंकर पूर्व एडीशनल कमिश्नर, वरिष्ठ पत्रकार ओम ठाकुर, आदर्श नन्दन गुप्त एवं डाक्टर महेश धाकड़, शंकरदेव तिवारी होंगे। समारोह में प्रसिद्ध समाजसेवी पर्यावरणविद् पूर्व फौजी कवि मुन्नालाल मिश्रा धुंआधार एवं वरिष्ठ पत्रकार चिंतक वीरेंद्र गोस्वामी का सम्मान किया जायेगा। आमंत्रित कवियों में फिल्मी गीतकार रामेन्द्र मोहन त्रिपाठी, हास्य कवि सत्येन वर्मा सत्येन, इन्दौर, व्यंग्यकार अरविन्द तिवारी शिकोहाबाद, हास्य व्यंग्य कवि मंजुल मयंक फिरोजाबाद, कवयित्री रजिया बेगम जिया धौलपुर कवि शिवराम शांति बाह के अलावा वरिष्ठ साहित्यकार शीलेन्द्र वशिष्ठ, शिवसागर, डॉ राजकुमार रंजन, रजनीकांत लवानिया, यादराम वर्मा, कवि किंकर अभय दुबे, शिव शंकर सहज, डॉ राजेन्द्र दवे आदि काव्य पाठ करेंगे।

# शंखध्वनि के बीच खुले श्रीजगन्नाथ के द्वार

- नवयौवन स्वरूप में भक्तों को दिए दिव्य दर्शन
- हरे राम,हरे कृष्णा... कीर्तन पर झूमें श्रद्धालु

टीएनएफ टुडे, आगरा।

भक्ति और उल्लास के माहौल में शंखनाद के साथ जैसे ही 14 दिन बाद श्रीजगन्नाथ मंदिर के कपाट खुले, पूरा परिसर हरि बोल और हरे राम, हरे कृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। करीब 14 दिनों के विश्राम के बाद भगवान श्रीजगन्नाथ ने बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ नवयौवन रूप में भक्तों को दर्शन दिए। लंबे इंतजार के बाद प्रभु की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं की आंखें भावविभोर हो उठीं और मंदिर परिसर भक्ति में डूब गया। कमला नगर स्थित इस्कॉन मंदिर में रथयात्रा महोत्सव के अंतर्गत नयन उत्सव का विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान को मनमोहक वस्त्रों में सजाया गया, साथ ही कमल, बेला और मोगरा के पुष्पों से भव्य श्रृंगार किया गया। तुलसी की माला और दौना मरुआ का नथ बेसर श्रीहरि को अलंकृत कर रहा था। आरती के समय श्रद्धालु हाथ उठाकर कीर्तन में लीन नजर आए और वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। भगवान के पट खुलने से पहले ही श्रद्धालु कीर्तन करते हुए दर्शन की प्रतीक्षा में डटे रहे। मंदिर को आकर्षक रोशनी और सुगंधित फूलों से सजाया गया। भक्तों ने गीत गोविंद और जगन्नाथ अष्टकम जैसे भजनों के साथ प्रभु की स्तुति की और देर तक नृत्य करते हुए भक्ति में लीन रहे। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर इस आध्यात्मिक पर्व का आनंद लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कामता प्रसाद अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अशु मित्तल, संजीव बंसल, सुधीर अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, रामू फतेहपुरिया, शैलेश बंसल, दीपक प्रहलाद अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, संजय कुकरेजा, विकास बंसल (लड्डू भाई), रमेश यादव, विपिन अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, राजेश उपाध्याय, अदिति गौरांगी, अंशुल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

आगरा इस्कॉन के अध्यक्ष अरविंद प्रभु ने जानकारी दी कि भगवान के स्वास्थ्य लाभ के बाद उनका हल्का श्रृंगार कर विधिवत आरती की गई। इस अवसर पर मंदिर की रसोई में विशेष भोग तैयार किया गया, जिसमें 56 प्रकार के चावलों का निर्माण किया गया।



## 16 जुलाई को निकलेगी रथयात्रा

आगरा में 16 जुलाई को दोपहर 2 बजे से श्रीजगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा बल्केश्वर स्थित महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए शाम करीब 8 बजे कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर पहुंचेगी। रथयात्रा की खास आकर्षण भगवान का नंदीघोष रथ होगा, जिसकी ऊंचाई लगभग 22 फुट और लंबाई 18 फुट है। रथ को कोलकाता और वृंदावन के कुशल कलाकारों द्वारा सजाया जाएगा। भगवान श्रीजगन्नाथ सतरंगी परिधान में इस रथ पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे। विशेष बात यह भी है कि भगवान की पोशाक को आगरा और वृंदावन के भक्तों ने स्वयं तैयार किया है। 15 जुलाई को शाम 4.30 बजे से रात 9.30 बजे तक दिव्य छप्पन भोग दर्शन होंगे।


**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।

**संपादक: धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com

पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# पुरस्कारों पर गार्जियन की हताशा

विदेशी अखबारों को तकलीफ हो रही है कि मोदी राज में कैसे मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है, जब भारत ने ऐसे आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया तब खीझ उतारने के लिए कह दिया कि मोदी पुरस्कार के लिए दौड़े चले आते हैं। जिला स्तर, वार्ड स्तर, राज्यस्तर या राष्ट्रीय स्तर पर सरकारी और निजी क्षेत्र में पुरस्कार के लिए कितने पापड़ बेलने पड़ते हैं, इन्हें पाने के लिए लोग अपनी पूरी उम्र खपा देते हैं। उसमें भी जबरदस्त प्रतिस्पर्धा होती है, तब कहीं जाकर किसी एक का चयन किया जाता है। ऐसे में देशों द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिये जाने वाले पुरस्कार का मापदंड कितने कठोर होगा, इसकी कल्पना ही की जा सकती है। इन पुरस्कारों में पुरस्कार देने वाली सरकार के साथ उन देशों के करोड़ों लोगों की भावनाएं भी जुड़ी होती हैं। चलो मान भी लिया जाए कि किसी एक देश ने भारत से कुछ फायदा लेने के लिए कोई पुरस्कार दे दिया होगा, पर मोदी को तो दर्जनों देशों के सर्वोच्च पुरस्कार मिले हैं, तो क्या इन सब देशों को मोदी फायदा पहुंचाएंगी, वो भी सिर्फ एक पुरस्कार के कारण, यदि ऐसा हुआ होता ना तो अब तक देश में तूफान आ जाता, कांग्रेस ओर विपक्षी दलों ने आसमान सिर पर उठा लिया होता। गार्जियन का यह लेख सिर्फ हताशा ही प्रकट करता है, इससे पहले भी इसी तरह के विदेशी अखबारों में लेखों के जरिए भारत की छवि' विकास की तरफ बढ़ते कदमों को रोकने का असफल प्रयास किया जाता रहा है। दा गार्जियन अखबार ने मोदी और भारत की छवि धूमिल करने के लिए एक अंग्रेजी मे एक लेख लिखा। जिसका सारांश यह है कि कोई झूठे भी पुरस्कार देने के लिए बुलाए तो प्रधानमंत्री मोदी दौड़े दौड़े चले जाते हैं। मतलब यह अखबार कहना चाह रहा कि मोदी पुरस्कार के भूखे हैं, साथ ही यह भी जताने की कोशिश कर रहा है, जिन देशों ने मोदी को उनकी विदेश यात्रा के दौरान पुरस्कार दिए, उनकी कोई प्रतिष्ठा नहीं हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी को इन देशों ने फिजूल में पुरस्कार दिए हैं। गार्जियन ने यह लेख लिख कर मोदी सहित भारत का तो अपमान किया ही है, साथ मोदी को पुरस्कार देने वाले उन देशों के नागरिकों, पुरस्कारों और उन देशों के राष्ट्रप्रमुखों का भी अपमान किया है। गार्जियन ने इसका जिक्र कभी नही किया कि विश्व को मोदी नेतृत्व में भारत ने क्या–क्या दिया है। भारत की यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस जैसी सस्ती और सुलभ डिजिटल पेमेंट प्रणाली नेपाल, भूटान, सिंगापुर, यूएई और मॉरीशस ने अपना लिया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत की प्राचीन धरोहर योग को मोदी सरकार के प्रयासों से वैश्विक मान्यता मिली? संयुक्त राष्ट्र  द्वारा हर वर्ष 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मनाया जाता है। मोदी सरकार के प्रयासों से ही अफ्रीकी संघ को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाया गया। भारत ने प्राकृतिक आपदा के दौरान विश्व के देशों के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा रहा है। तुर्किये और सीरिया में आए भूकंप के दौरान'मिशन सागर'और'ऑपरेशन दोस्त'के जरिए विश्व स्तर पर मानवीय सहायता पहुंचाई गई। वेनेजुएला में विनाशकारी भूकंप के बाद ऑपरेशन अमिस्ताद के तहत बचाव दल और पोर्टेबल अस्पताल भेजे गए। म्यांमार में ऑपरेशन ब्रह्मा (2025) और ऑपरेशन सहायता (2008) के तहत भूकंप व चक्रवात के दौरान भारी राहत सामग्री व चिकित्सा सुविधाएँ दी गईं। श्रीलंका में सुनामी (2004) में ऑपरेशन रेनबो और चक्रवात (2025) में ऑपरेशन सागर बंधु के माध्यम से सहायता प्रदान की गई। गार्जियन को यह कभी दिखाई नहीं दिया कि किस तरह केंद्र सरकार ने मुसलमानों की भलाई का एक ऐतिहासिक काम किया, जिसे करने से पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री डरते रहे। देश की करोड़ों मुस्लिम महिलाओं को तलाक के बाद मिलने वाला कानून हक दिलवाया है। जिन्हें पहले पति तीन बार तलाक तलाक बोल कर धक्के खाने के लिए छोड़ दिया जाता था।कांग्रेस ने मुसलमानों के वोट के डर से सुप्रीम कोर्ट के शाह बानों के फैसले को ही पलट दिया था, जिसमें कोर्ट ने गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था, इसके खिलाफ तत्कालीन कांग्रेस सरकार के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कानून बना दिया था।

# प्रिय आगरा, हमारे फुटपाथ लौटा दो!

## सड़कें सिर्फ़ गाड़ियों की नहीं, इंसानों की भी हैं

"ताजमहल दुनिया की शान है, मगर शहर की असली पहचान उसकी सड़कें होती हैं। और आगरा की सड़कें आज एक कड़वी हकीकत बयान करती हैं: यह शहर पैदल चलने वालों का नहीं रहा। फुटपाथ, जो आम लोगों के लिए बने थे, अब दुकानों के शो-रूम, ठेलों, पार्किंग और अतिक्रमण की जागीर बन चुके हैं। कहीं सामान फैला है, कहीं शेड खड़े हैं, कहीं मोटरसाइकिलें और कारें कब्जा किए बैठी हैं। नतीजा साफ है। पैदल आदमी सड़क पर उतरता है और मौत के साथ चलने को मजबूर हो जाता है।



नेताओं और अफसरों से एक छोटी-सी गुजारिश है। एक दिन बिना लालबत्ती, बिना सरकारी गाड़ी और बिना सुरक्षा घेरे के आगरा की सड़कों पर पैदल चलकर दिखाइए। तब मालूम होगा कि इस शहर में पैदल चलना अब सफर नहीं, रोज का इम्तिहान बन चुका है।

आगरा का कोई एक इलाका बता दीजिए, जहाँ आदमी निडर होकर फुटपाथ पर चल सके। योगी सरकार तेज रफ़्तार एक्सप्रेसवे बनाने में व्यस्त है, लेकिन पैदल चलने वालों की रफ़्तार और सुरक्षा जैसे किसी की प्राथमिकता ही नहीं रही।

ताजमहल दुनिया की शान है, मगर शहर की असली पहचान उसकी सड़कें होती हैं। और आगरा की सड़कें आज एक कड़वी हकीकत बयान करती हैं: यह शहर पैदल चलने वालों का नहीं रहा। फुटपाथ, जो आम लोगों के लिए बने थे, अब दुकानों के शो-रूम, ठेलों, पार्किंग और अतिक्रमण की जागीर बन चुके हैं। कहीं सामान फैला है, कहीं शेड खड़े हैं, कहीं मोटरसाइकिलें और कारें कब्जा किए बैठी हैं। नतीजा साफ है। पैदल आदमी सड़क पर उतरता है और मौत के साथ चलने को मजबूर हो जाता है।

बेलनगंज, हॉस्पिटल रोड, लोहामंडी, राजा मंडी, किनारी बाजार, सदर और शहर के दर्जनों इलाकों में यही मंजर दिखाई देता है। कहीं फुटपाथ टूटे हैं, कहीं गायब हैं और जहाँ बचे भी हैं, वहाँ अतिक्रमण ने उनका दम घोंट दिया है। यह सिर्फ़ असुविधा नहीं, सार्वजनिक सुरक्षा का गंभीर संकट है। "सेफ स्ट्रीट्स फॉर आगरा" रिपोर्ट बताती है कि शहर में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली 88 प्रतिशत मौतें पैदल यात्रियों, साइकिल सवारों और दोपहिया वाहन चालकों जैसी सबसे कमजोर श्रेणी के लोगों की होती हैं। यानी जो सबसे कम सुरक्षित हैं, वही सबसे ज्यादा जान गंवा रहे हैं।

देशभर में हर साल तीस हजार से अधिक पैदल यात्री सड़क हादसों में मारे जाते हैं। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, कुल सड़क दुर्घटना मौतों में लगभग पाँचवाँ हिस्सा पैदल यात्रियों का है। आगरा में टूटे फुटपाथ, खुले मैनहोल, उखड़ी टाइलें और बरसात में पानी से छिपे गड्ढे इस खतरे को कई गुना बढ़ा देते हैं।सबसे ज्यादा तकलीफ बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और दिव्यांग नागरिकों को होती है। रोज कोई न कोई गिरता है, घायल होता है। छोटी चोटें अब आम बात हो गई हैं। बड़े हादसे किसी भी दिन किसी के साथ हो सकते हैं। विडम्बना देखिए। हर साल लाखों पर्यटक आगरा आते हैं। वे इस शहर को पैदल महसूस करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें भी ट्रैफिक के बीच जान हथेली पर रखकर चलना पड़ता है। विश्व धरोहर का शहर अगर पैदल यात्रियों के लिए असुरक्षित है, तो यह हमारी शहरी सोच की नाकामी है।

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में साफ कहा है कि स्वच्छ, सुरक्षित और बाधारहित फुटपाथ पर चलना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत नागरिकों का मौलिक अधिकार है। सड़कों पर पहला हक पैदल चलने वालों का है, वाहनों का नहीं। मगर आगरा में यह अधिकार हर दिन कुचला जा रहा है।

नगर निगम को अब सिर्फ़ रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण से बाहर निकलना होगा। फुटपाथों की मरम्मत, खुले मैनहोल बंद करना, जल निकासी दुरुस्त करना और अतिक्रमण हटाना उसकी पहली ज़िम्मेदारी होनी चाहिए। दुकानदार सार्वजनिक जमीन पर कब्जा नहीं कर सकते। रेहड़ी-पटरी वालों के लिए व्यवस्थित वेंडिंग जोन बनाए जाएँ, ताकि उनका रोजगार भी सुरक्षित रहे और पैदल यात्रियों का रास्ता भी।

अब वक्त आ गया है कि "प्रिय आगरा, फुटपाथ वापस दो" अभियान शुरू किया जाए। नागरिक मोबाइल से टूटे फुटपाथ, खुले मैनहोल और अतिक्रमण की तस्वीरें भेजें। नगर निगम तय समय-सीमा में कार्रवाई करे और हर सप्ताह सार्वजनिक रिपोर्ट जारी करे। स्थानीय अखबार भी नागरिक शिकायतों के लिए स्थायी कॉलम शुरू करें। जवाबदेही होगी, तभी बदलाव आएगा। बेंगलुरु समेत कई शहरों ने सख़्ती से फुटपाथ अतिक्रमण हटाने की शुरूआत कर दी है। आगरा कब जागेगा? या फिर हमारे हुक्मरान रिप वैन विंकल की तरह सोते ही रहेंगे?

किसी शहर की पहचान उसकी चौड़ी सड़कों से नहीं होती। उसकी पहचान इस बात से होती है कि वहाँ एक बच्चा, एक बुजुर्ग, एक महिला, एक दिव्यांग और एक पर्यटक कितनी बेफिक्री से पैदल चल सकता है।

आगरा ने अपने स्मारकों पर करोड़ों रुपये खर्च किए हैं। अब अपने नागरिकों पर भी कुछ निवेश कीजिए। हमें फुटपाथ वापस चाहिए।

क्योंकि शहर तभी सभ्य कहलाता है, जब सड़क पर सबसे कमजोर इंसान भी बिना डर के चल सके। ताजमहल की खूबसूरती तभी मुकम्मल होगी, जब उसके शहर की सड़कें भी इंसानों के लिए सुरक्षित हों।

**-बृज खंडेलवाल**

# सपा को मुस्लिम नेता पसंद नहीं

2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस और समाजवादी पार्टी  के रिश्तों में नई दरारें आ गई हैं। 'इंडिया' गठबंधन के इन दोनों सहयोगियों के बीच तीखी बयानबाजी के बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इमरान मसूद ने एसपी नेता उदयवीर सिंह पर कड़ा हमला किया है। मसूद का यह बयान ऐसे समय में आया है जब दोनों पार्टियां अपनी-अपनी राजनीतिक ताकत और गठबंधन के भविष्य को लेकर सार्वजनिक रूप से बहस कर रही हैं। इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या 2024 के लोकसभा चुनावों में फायदा दिलाने वाली यह साझेदारी अगले विधानसभा चुनावों तक कायम रहेगी या नहीं। मसूद की ये बातें उन सार्वजनिक बयानों के सिलसिले की एक और कड़ी हैं, जिनसे दोनों विपक्षी पार्टियों के बीच बढ़ती बेचैनी सामने आई है, क्योंकि वे 2027 के उत्तर प्रदेश चुनाव के लिए खुद को तैयार कर रही हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष राज कुमार सिंह पटेल के इस सुझाव के बाद तनाव और बढ़ गया था कि विधानसभा चुनावों के लिए एसपी के साथ किसी भी गठबंधन में कांग्रेस सीटों में बराबर हिस्सेदारी की मांग करेगी।

**-अनाम**

# दतिया से शुरू कांग्रेस एकता की नई कहानी

दतिया से मध्य प्रदेश कांग्रेस की एकता की नई कहानी शुरू हो सकती है और अगर मध्यप्रदेश के नेताओं ने यह कर दिखाया तो इसका असर उन राज्यों पर भी पड़ेगा जहां कांग्रेस भारी गुटबाजी से ग्रस्त है।

फिलहाल पंजाब गुटबाजी का सबसे बड़ा केन्द्र बना हुआ है। चुनाव में छह महीने से कम का समय बचा है। कांग्रेस की संभावित जीत वाला राज्य है। मगर वहां के नेता विधानसभा जीत से ज्यादा आपस में एक दूसरे पर जीत में लगे हैं। उत्तराखंड का भी यही हाल है। वहां भी अगले साल के शुरू में चुनाव हैं। यहां भी कांग्रेस की स्थिति अच्छी बताई जा रही है। मगर गुटबाजी यहां भी खत्म होने का नाम नहीं ले रही।

राजनीति में जीत जरूरी है। और जरूरी क्या सबसे अहम चीज वही है। मध्यप्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यह समझा है। दतिया उपचुनाव में वह पूरी ताकत लगाए हुए हैं। पहला पड़ाव बेहतर उम्मीदवार को टिकट देकर उन्होंने पार कर लिया है। अच्छी छवि, पार्टी के प्रति वफादारी और सबसे अधिक जीत की संभावना वाले घनश्याम सिंह को उपचुनाव के लिए तैयार कर के जीतू पटवारी ने अपने राजनीतिक कौशल का बेहतरीन परिचय दिया है।

दतिया राजघराने के वारिस कुंवर घनश्याम सिंह वैसे तो दो बार दतिया से विधायक रह चुके हैं। लेकिन फिर वे जिले की ही दूसरी जनरल सीट सेंवढ़ा पर चले गए थे। वहां 2018 का विधानसभा चुनाव जीते और अब भी वहीं तैयारी में लगे हुए थे। मगर अचनाक दतिया से 2023 में जीते कांग्रेस विधायक राजेन्द्र भारती की सदस्यता रद्द होने से यह उप चुनाव कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया। राजेन्द्र को एक कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई थी। जिसके बाद उनकी विधायकी रद्द कर दी गई और उपचुनाव की घोषणा हो गई। दिल्ली हाई कोर्ट से भी राजेन्द्र को कोई राहत नहीं मिली। राजनीति

इस घटनाक्रम में एक बड़ा मोड़ तब आया जब दतिया से तीन बार से जीत रहे भाजपा के नरोत्तम मिश्रा का टिकट पार्टी ने काट दिया। नरोत्तम के लिए यह एक बड़ा झटका था। अप्रत्याशित। उनके समर्थकों ने रात भर हंगामा किया। नेशनल हाईवे जाम से लेकर गाड़ियों और पुलिस पर पथराव, भाजपा दफ्तर पर कब्जा वहां से पथराव




और जिला अध्यक्ष सहित पूरी कार्यकारिणी का इस्तीफा-सब कर लिया। मगर दिल्ली और भोपाल दोनों जगह से नरोत्तम को साफ बता दिया गया कि इस तरह की अनुशासनहीनता और हिंसा के बाद टिकट पर पुनर्विचार संभव ही नहीं है।

कांग्रेस के लिए यह सुनहरा मौका बन गया। अगर यहां से कांग्रेस जीत जाती है तो मुख्यमंत्री मोहन यादव की उपचुनाव में यह लगातार दूसरी हार होगी। इससे पहले इसी ग्वालियर चंबल संभाग के विजयपुर विधानसभा उपचुनाव में मोहन यादव के मंत्री रामनिवास रावत को कांग्रेस हरा चुकी है।

कांग्रेस मध्यप्रदेश में हमेशा से जनता की पहली पसंद रही है। लेकिन पूरे दिल से चुनाव नहीं लड़ना और गुटबाजी के कारण पिछले 23 साल से सत्ता से बाहर है। 2018 के चुनाव में जीत कर  सरकार बनाई थी। मगर एक साल बीतते बीतते मुख्यमंत्री कमलनाथ अपने ही नेता को चैलेंज करने लगे कि सड़क पर उतर कर बताओ। ज्योतिरादित्य सिंधिया उतर गए और सरकार गिरा दी। फिर बीजेपी की सरकार आ गई। और 2023 में भी।

लेकिन उस समय की एक घटना कांग्रेस के लिए बहुत प्रेरणादाई रही। जब ग्वालियर चंबल संभाग के अधिकांश कांग्रेस विधायक ज्योतिरादित्य के साथ बीजेपी में चले गए। तब घनश्याम सिंह राजपरिवारों के आपसी कनेक्शन और सिंधिया गुट के माने जाने के बाद भी उनके साथ नहीं गए। उस समय सेंवढ़ा से विधायक थे। पार्टी के प्रति उनकी वह वफादारी इस समय कांग्रेस में बहुत सम्मान और अभिमान के साथ याद की जा रही है। मिथक व लोकथाएं

दतिया के टिकट के दावेदार कई थे और नरोत्तम का टिकट कट जाने के बाद तो कई लोगों को लग रहा था कि उनकी जीत पक्की है। क्योंकि सब यह संभावना व्यक्त कर रहे थे कि टिकट कटने के बाद उनके लोगों का समर्थन उन्हें मिलेगा। और नरोत्तम भी नहीं चाहेंगे कि भाजपा के जिस नए प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को टिकट दिया गया है, वह जीते। क्योंकि उसकी जीत के साथ यह सीट हमेशा के लिए उनके हाथ से निकल जाएगी।

नरोत्तम पहले दतिया के पड़ोस की विधानसभा सीट डबरा जिला ग्वालियर से लड़ते थे। वहां से तीन बार विधायक रहे। मगर 2008 के परिसीमन में वह सीट रिजर्व घोषित कर दी गई। ज्योतिरादित्य के साथ जाने वाली इमरती देवी जो अपने सिंधिया समर्थक बयानों के लिए काफी चर्चित रहीं कि उनके कहने से कुएं में कूद जाऊंगी वहीं से विधायक थीं।

बहरहाल जिक्र दतिया का हो रहा है जिसके बारे में मशहूर है कि अगर उर्दू में लिखा जाए तो दुनिया से एक नुक्ता (लेटर) ज्यादा आएगा। इसे रियासत टाइम में ऐसे कहा जाता था कि दुनिया से ऊपर है और अपनी स्वतंत्रता स्वाभिमान के मामले में थी भी। ग्वालियर की इतनी बड़ी सिंधिया रियासत कभी अपने प्रभाव में नहीं ले पाई। बगल की झांसी रियासत भी।

**-शकील अख्तर**

# क्या है, 'आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस' यानी 'कृत्रिम बुद्धि'

आजकल हर कहीं 'एआई' का बोलबाला है। आखिर यह क्या बला है? चेक नाटककार कारेल चापेक ने 1920 में एक नाटक लिखा था- 'आरयूआर' (रोसुमोवी युनिवर्सालनी रोबोती)। इसका अर्थ है- 'रोसुमोव के सार्वभौमिक रोबोट।' नाटक में रोसुमोव एक वैज्ञानिक हैं जिनकी कंपनी इंसान जैसी दिखने वाली  रोबोट मशीनें बनाती है। रोबोट एक चेक शब्द है जिसका अर्थ होता है- बंधुआ मजदूर। चापेक के नाटक के बाद से मशीनों में इंसान जैसी काबिलियत की चर्चाएं गाहे-बगाहे होती रही हैं।

पिछली सदी के छठे दशक में ये चर्चाएं कल्पनालोक से निकलकर विज्ञान के दायरे में संजीदा सवाल बनकर तब सामने आईं, जब आधुनिक कंप्यूटर बनने लगे। इनमें सिलिकॉन टेक्नॉलॉजी से बने ट्रांजिस्टरों की मदद से तेजी से गणनाएं मुमकिन होने लगीं। जैसे-जैसे कंप्यूटर टेक्नॉलॉजी गणनाओं से इतर तमाम दूसरे क्षेत्रों में प्रभाव डालने लगी और सूचना यानी इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी का कारवां बढ़ा, 'एआई' पर शोध भी तेजी से होने लगा। नई-नई मशीनें बनीं, खास तौर पर फिल्मों में इन्हें बढ़ा-चढ़ाकर दिखलाया गया। 'रोबोट' लफ्ज घरेलू बातचीत का हिस्सा बन गया।

मेडिकल रिसर्च में रोबोट का इस्तेमाल आम हो गया है और हर दिन किसी नई खोज का पता चलता है। इंसानी काबिलियत से कहीं आगे बढ़कर आंकड़ों से मानीखेज जानकारी ढूंढ निकालने का काम कंप्यूटर कई दशकों से कर ही रहे हैं, जिससे नई दवाइयां बनाने में बड़ी तरक्की हुई है। इनके साथ तबाही के हथियारों में भी 'एआई' का इस्तेमाल हो रहा है और नए किस्म के कंप्यूटर से चलने वाले ड्रोन या लेजर-गन या मिसाइल आदि अब आम हथियारों में शामिल हो गए हैं, जिनके जरिए कोई मुल्क धरती पर कहीं भी कहर बरपा सकता है।

जाहिर है, 'एआई' का ताना-बाना पूरी तरह कंप्यूटर टेक्नॉलॉजी से जुड़ा है। कंप्यूटर तो आजकल हर कहीं है; मोबाइल फोन से लेकर आर्थिक लेन-देन तक। लिहाजा 'एआई' भी हर कहीं है। 'एआई' का सबसे बुनियादी सवाल मशीन को इंसानी बुद्धि कैसे मिले नहीं है, बल्कि यह है कि इंसान या दूसरे जानवरों को कैसे एक मशीन की तरह समझा जा सके। कई बार बेजान लगती चीजें भी ऐसा कमाल कर जाती हैं, जिससे जिंदा होने का गुमान होता है। ऐसी चीजों को 'एजेंट' (यानी अभिकर्ता) कहा जाता है। 'एजेंट' किसे कहें, वे क्या कर सकते हैं, ये सवाल विज्ञान और टेक्नॉलॉजी के तो हैं ही, साथ ही गहन दार्शनिक भी हैं।

'एजेंट' शब्द से इंसान की कल्पना होती है, पर 'एआई' में 'एजेंट' का मतलब ऐसा कुछ भी हो सकता है, जिससे कोई कार्रवाई शुरू हो जाए। मसलन वह रोबोट जैसी मशीन हो सकती है जो भौतिक स्तर पर अपने इर्द-गिर्द हरकत करती हो, या वह महज एक कंप्यूटर-प्रोग्राम हो सकता है, जो की बोर्ड पर बटन दबाकर लिखा गया हो या




जिसे किसी और कंप्यूटर-प्रोग्राम के जरिए लिखा गया हो और जिसे सक्रिय कर कोई कार्रवाई शुरू हो सकती है। यानी 'एजेंट' असली या आभासी दोनों हो सकते हैं। जाहिर है, असल और आभासी तय करना हमेशा आसान नहीं होता।

यहीं पर चेतना के विज्ञान के साथ 'एआई' की टक्कर होती है। दर्शन का एक चिरंतन सवाल है कि हम जो कुछ करते हैं, क्या वह अपनी मजी से करते हैं या कोई और हमसे करवाता है। हम जानते हैं कि सही-गलत हर तरह के खयाल हमारे मन में आते हैं, पर क्या करना है और क्या नहीं, यह फैसला हमारे हाथ में होता है। एक रोबोट ऐसा फैसला नहीं कर सकता। हालांकि ऐसे दावे किए गए हैं कि हाल के रोबोट में इस तरह के फैसले लेने की काबिलियत मुमकिन हो पाई है, पर ऐसे दावे अभी तक गलत ही साबित होते रहे हैं।

इंसानों में भी 'एजेंटों' जैसी फितरत पाई जाती है, लेकिन इसका एक पहलू और भी है। जैसे एक चींटी को समझना मुश्किल होता है, मजदूर चींटियों और रानी समेत पूरे चींटी समाज को देखने पर ही पता चलता है कि कतार में जा रही चींटियां आखिर क्या कर रही हैं। इसी तरह अकेले एक इंसान को जानकर हम सामाजिक, जातिगत या राष्ट्रवादी गतिविधियों को नहीं समझ सकते। समूह में 'एजेंट' क्यों खास तरह की हरकतें करते हैं, इसको समझना भी 'एआई' में चल रहे शोध का विषय है।

आम तौर पर लोग 'एआई' का मतलब महज तरह-तरह की  रोबोट मशीनों को समझते हैं, जिनका अलग-अलग सेक्टर्स में इस्तेमाल हो रहा है।  वैज्ञानिक इसे कमजोर या 'वीक' 'एआई' कहते हैं। कमजोर का मतलब है, जिन सवालों पर काम होता है, वे महज टेक्नॉलॉजी की तरक्की और बेहतरी के सवाल हैं। इसके बरक्स मजबूत या स्ट्रॉन्ग 'एआई' चेतना के  विज्ञान से जुड़ता है। यहां इंसान को मशीन की तरह सामने रखते हुए मशीन में इंसानी अकल और समझ कैसे लाई जाए, इस पर काम होता है। अकल और समझ के साथ चेतना, नैतिकता और तमाम जज्बात भी जुड़ते हैं। जाहिर है, ये बड़े मुश्किल सवाल हैं; इसीलिए इसे मजबूत 'एआई' कहा जाता है।

ऐसा नहीं है कि कमजोर 'एआई' में इंसानी बुद्धि पर काम नहीं होता, पर वहां बुद्धि और समझ के किसी एक पक्ष को सैद्धांतिक रूप से समझकर कंप्यूटर प्रोग्राम के द्वारा उसे मशीन में डालने की कोशिश होती है। जैसे बगैर ड्राइवर के चलने वाली गाड़ियों में तरह-तरह के सेंसर लगे होते हैं, जो सड़क पर आ रहे अवरोधों को कंप्यूटर में दर्ज करते हैं, ताकि उनसे बचाव करने के तरीके अपनाए जा सकें, पर ये इंसानी बुद्धि के एक ही पक्ष यानी आवागमन और उसमें भी महज तकनीकी पक्ष पर काम करती मशीनें हैं। एक इंसान गाड़ी चलाते हुए कई विकल्पों पर सोचता रहता है, बीच रास्ते में कहीं जाने या न जाने का फैसला बदल सकता है, रुकने या चलते रहने का फैसला ले सकता है और यह सब कुछ पहले से तय नहीं होता। इंसानी दिमाग की इन जटिलताओं को पकड़ कर हर पल उस पर अमल करे, ये मजबूत 'एआई' के सवाल हैं। शब्दकोश और विश्वकोश

यह जरूरी नहीं है कि 'एआई' के तहत बनाई गई मशीनें हमेशा इंसानी दिमाग और समझ पर ही आधारित हों। आखिर एक कंप्यूटर जिस विशाल मात्रा में आंकड़े समेट सकता है और जितनी तेजी से गणनाएं कर सकता है, वह इंसान की काबिलियत से कहीं ज्यादा है। ऐसा मुमकिन है कि हमारे दिमाग अपने आकार और अंदरूनी खाके की वजह से एक दायरे में बंधे हैं और 'एआई' कभी ऐसी मशीनें बना दे जो समझ में इंसानों से कहीं आगे की हों। कमजोर 'एआई' में इंसान और दीगर जानवरों में मौजूद समझ की बुनियाद और दायरों की खोज का नतीजा वे तमाम मशीनें हैं जिनके जरिए हमारी जिंदगी भौतिक रूप से बेहतर हुई है।

इसके साथ ही इंसान के दिमाग को मशीनों के साथ जोड़कर 'सुपर-इंटेलिजेंट' इंसान की कल्पना पर भी काम हो रहा है। दिमाग की प्रक्रियाएं 'तंत्रिका आवेगों' या 'इंपल्स' के जरिए होती हैं जो कंप्यूटर में इस्तेमाल होने वाले 'चिप' की तुलना में बहुत ही धीमी गति से चलते हैं। पिछले कुछ दशकों से शरीर में 'इलेक्ट्रॉनिक चिप' लगाकर कुछ खास तरह की काबिलियत बढ़ाने पर काम हुआ है। मशीनों की कामयाबी से दिमाग के काम करने के तरीकों पर भी समझ बढ़ती है। इससे बुद्धि के दीगर विषयों, जैसे फलसफा, भाषाविज्ञान और मनोविज्ञान या तंत्रिका विज्ञान में भी तरक्की होती है।

सामाजिक और सियासी दायरों में 'एआई' की घुसपैठ से बड़े बदलाव हो रहे हैं और तरह-तरह के तनाव बढ़ रहे हैं। उत्पादन के क्षेत्र में 'एआई' यानी रोबोट मशीनों के इस्तेमाल से अधेड़ कामगारों की छंटनी बढ़ी है और इसका सीधा असर सियासत पर पड़ा है। मसलन, 2016 में अमेरिका में ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने के पीछे भी 'एआई' की वजह से लोगों में बढ़ती असुरक्षा की भावना कुछ हद तक जिम्मेदार थी। दूसरी ओर सर्विस सेक्टर (जैसे ऑन-लाइन खरीद-फरोख्त आदि) की बढ़ोतरी में 'एआई' की अहम भूमिका है।

**-हरजिंदर सिंह 'लाल्टू'**

# आपत्तिजनक पोस्टरों पर बवाल, सपा नेताओं ने दी तहरीर

## अखिलेश यादव और मुलायम सिंह यादव की फोटो के साथ लगाए गए विवादित पोस्टर, शांति भंग की आशंका

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।




कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा विभिन्न स्थानों पर आपत्तिजनक पोस्टर और होर्डिंग लगाए जाने का मामला सामने आया है। इन पोस्टरों में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की फोटो के साथ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। सपाईयों ने इसको लेकर थाना हाईवे में तहरीर दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हनुमानगढ़ी और जामा मस्जिद को लेकर दिए गए बयान के बाद सियासी घमासान तेज हो गया है। मंगलवार को गोवर्धन चौराहा समेत कई स्थानों पर विवादित होर्डिंग लगे मिले। मंगलवार सुबह विवादित होर्डिंग लगाए जाने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया। गोवर्धन चौराहे के निकट हाईवे और एफसीआई के पास लगे होर्डिंग में समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को धर्म विशेष की टोपी पहने हुए दशार्या गया है। होर्डिंग पर दिल में बाबर, मुख में राम जैसे आपत्तिजनक नारे भी लिखे थे। सुबह लोगों की नजर इन होडिंगों पर पड़ते ही उनके फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं में आक्रोश फैल गया। कार्यकताओं ने इसे पार्टी की छवि धूमिल करने और राजनीतिक माहौल बिगाड़ने की साजिश बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोवर्धन चौराहे तथा एफ्सीआई के निकट लगे दोनों होर्डिंग तत्काल हटवा दिए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि विवादित होर्डिंग किसने लगाए। हालांकि मंगलवार रात की ही यह कृत्य किया गया है। सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इन पोस्टरों के माध्यम से जनपद में शांति भंग करने और धार्मिक वैमनस्य फैलाने का प्रयास किया गया। जैसे ही इस मामले की जानकारी पार्टी कार्यकताओं को हुई, तत्काल प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर प्रशासन और पार्टी कार्यकताओं की मौजूदगी में इन आपत्तिजनक पोस्टरों और होर्डिंग्स को हटवाया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। इस संबंध में थाना हाईवे में जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में तहरीर दी गई। तहरीर में असामाजिक तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

इस मौके पर प्रदेश सचिव जागेश्वर यादव, वरिष्ठ नेता प्रदीप चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष बलदेव राजेंद्र सिकरवार, रवि यादव पूर्व महानगर महासचिव, लोहिया वाहिनी उपाध्यक्ष संगम, यूथ ब्रिगेड महासचिव मयंक यादव, देवकीनंदन कश्यप महानगर अध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ, मनीष आजाद, राजेश यादव सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आषाढ़ मास गुप्त नवरात्रि आज से प्रारंभ

मथुरा। ज्योतिष शास्त्र में आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से प्रारंभ गुप्त नवरात्रि को आध्यात्मिक और तांत्रिक सिद्धियों के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। वर्ष में दो बार आने वाली गुप्त नवरात्रि आंतरिक ऊर्जा जागृत करने और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए श्रेष्ठ मानी गई है। यह विचार दीपक ज्योतिष भागवत संस्थान के गोपाल गली स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने व्यक्त करते हुए कहा कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चन्द्रमा और अन्य ग्रहों की स्थिति साधना के अनुकूल होती है। उन्होंने आषाढ़ मास में पांच मंगलवार को देश दुनिया के लिए अत्यंत नाजुक बताया और सभी से हनुमान चालीसा, सुन्दरकाण्ड एवं हनुमान जी की स्तुति करने का आग्रह किया। गोष्ठी में आचार्य ब्रजेन्द्र नागर एवं ज्योतिषाचार्य दीपक चतुर्वेदी ने कहा कि 26 जुलाई से शनि ग्रह वक्र गति से चलेगा 10 दिसम्बर तक पृथ्वी पर प्राकृतिक आपदाओं व राजनीतिक उथल-पुथल से भारी नुक्सान की संभावना है। उन्होंने गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं जैसे काली, तारा, त्रिपुरसुंदरी धूमावती आदि की पूजा का विशेष महत्व बताया। इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य पंकज चतुर्वेदी एवं साहित्याचार्य शरद चतुर्वेदी ने कहा कि गुप्त नवरात्रि में दुर्गासप्तशती, सुन्दरकाण्ड, रुद्राभिषेक आदि धार्मिक अनुष्ठानों से ग्रहों की शान्ति होगी और घर परिवार व देश दुनिया में शान्ति रहेगी।

# आगाज तो 'ओजस्वी' रहा, अंजाम पर भी कायम हो चकाचक 'राज'

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- नवागत नगर आयुक्त ने आते ही दिखाए तेवर तो तीर्थनगरी में जनसुविधाओं की बेहतरी की जगी उम्मीद
- सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर कार्यदायी संस्था को दिया कारण बताओ नोटिस जारी
- साफ-सफाई में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं: ओजस्वी राज

नगर निगम मथुरा वृन्दावन के नवागत नगर आयुक्त ओजस्वी राज का पहले दिन ही वृंदावन और मथुरा में दौरा, अव्यवस्थाओं पर सख्त तेवर से उनकी कार्यशैली का आगाज ओजस्वी रहा। तीर्थनगरी के लोगों की उम्मीद बढ़ी है कि जनसुविधाओं की बेहतरी के लिए अंजाम पर भी चौकस व्यवस्थाओं का ह्यराजह्न कायम हो जाएगा।

नगर आयुक्त ने नगर निगम की पूरी टीम के साथ स्वयं पैदल चलकर परिक्रमा मार्ग की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने जादौन पार्किंग से मदन मोहन मंदिर, काली देह, इस्कॉन गौशाला, केली कुंज, रमन रेती होते हुए प्रेम मंदिर तिराहे तक पैदल भ्रमण कर संपूर्ण परिक्रमा मार्ग का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण, नालियों की स्थिति एवं सफाई कर्मियों की उपस्थिति का विस्तृत अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान परिक्रमा मार्ग पर कई स्थानों पर गंदगी तथा सफाई कर्मियों की अनुपस्थिति पाए जाने पर नगर आयुक्त ने सफाई कार्यदायी संस्था उज्वल ब्रज के प्रतिनिधियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि केवल पेरोल पर सफाई कर्मियों का नाम दर्ज होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि सभी कर्मियों की वास्तविक रूप से कार्यस्थल पर उपस्थिति एवं कार्य निष्पादन सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी सफाई कर्मी निर्धारित यूनिफॉर्म में कार्य करें, तीनों शिफ्टों में नियमित एवं प्रभावी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, झाड़ू लगाते समय कूड़ा तत्काल उठाया जाए तथा नालियों की नियमित एवं व्यवस्थित सफाई कराई जाए, जिससे परिक्रमा मार्ग पर स्वच्छता की उच्च गुणवत्ता बनी रहे।

निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था द्वारा सफाई कर्मियों की प्रभावी मॉनिटरिंग संबंधी कोई संतोषजनक व्यवस्था प्रस्तुत न किए जाने तथा स्पष्ट जवाब न देने पर नगर आयुक्त के निर्देशानुसार संस्था को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि पेरोल पर दर्ज सफाई कर्मी धरातल पर कार्यरत नहीं पाए गए तो संबंधित संस्था के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए आवश्यकता पड़ने पर उसे ब्लैकलिस्ट भी किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वृंदावन की सफाई व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा वे स्वयं प्रत्येक तीन दिवस में करेंगे, ताकि व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

मथुरा में भी भूतेश्वर आदि क्षेत्रों में भ्रमण कर हालात देखे। अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, अपर नगर आयुक्त चंद्र प्रकाश पाठक, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार नगर, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक आदि उपस्थित रहे।

# अजय अध्यक्ष और धर्मवीर बने घीया मंडी व्यवसायी समिति के महामंत्री



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अब तक 10 हजार व्यापारियों को जोड़ चुका है: सुनील अग्रवाल
- नगर के 25 हजार व्यापारियों को जोड़ने के लक्ष्य पर निरंतर हो रहा कार्य: शशि भानु गर्ग

नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा निरंतर समस्त नगर में अपनी व्यापारिक समितियों के गठन की प्रक्रिया में घीया मंडी व्यवसायी समिति का गठन किया गया। स्थानीय समिति के वरिष्ठ व्यापारी बालमुकुंद अग्रवाल चूरन बालों की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित व्यापारियों द्वारा सर्वसम्मति से अजय खंडेलवाल को अध्यक्ष व धर्मवीर अग्रवाल को महामंत्री चुना।

चौक बाजार स्थित जैन धर्मशाला में हुई व्यापारियों की बड़ी बैठक में नगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री शशि भानु गर्ग, संयुक्त महामंत्री श्रीभगवान चतुर्वेदी, व वरिष्ठ मंत्री विकास जिंदल की मौजूदगी में सर्वसम्मति से एकराय होकर अजय खंडेलवाल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा हकीम, गोविंद अग्रवाल टेंट, बालमुकुंद अग्रवाल चूरन, पंकज गर्ग प्रेस, अशोक अग्रवाल नमक वाले, संजय खंडेलवाल मेडिकल व मुकेश शर्मा बनाए गये वहीं महामंत्री के लिए धर्मवीर अग्रवाल निर्विरोध चुने गये संयुक्त महामंत्री के रूप में बसंत खंडेलवाल व मंत्री संजय शर्मा फोटो, मनोज अग्रवाल कढ़ाई, कन्हैया लाल अग्रवाल पेंट, अजय गुप्ता रेडीमेड, अमित खंडेलवाल पत्तल वाले चुने गए कोषाध्यक्ष पद का दायित्व जितेंद्र अग्रवाल बरतन वालों को दिया गया व प्रचार मंत्री पद की जिम्मेदारी आशीष अग्रवाल कपड़े वालों को दी गई।

निर्वाचन बैठक में उपस्थित व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल व महामंत्री शशि भानु गर्ग ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संपूर्ण नगर में व्यापार मंडल की इकाइयों के गठन से सशक्त व्यापारी समाज की संरचना हेतु जगह-जगह बैठक व संगठन का विस्तार किया जा रहा है अब तक संगठन के माध्यम से लगभग 10000 व्यापारियों को जोड़ा जा चुका है। नगर के सभी मार्केट, माल, व व्यवसायिक संस्थानों में संगठन का विस्तार हो इसके लिए सभी नगर पदाधिकारी को जिम्मेदारियां का वितरण कर दिया गया है शीघ्र ही नगर में 25000 व्यापारियों को नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से जोड़ने के लक्ष्य को पूर्ण किया जाएगा।

बैठक के अंत में नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय खंडेलवाल द्वारा सभी व्यापारियों को साथ लेकर चलने का आश्वासन देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया व बैठक का संचालन नवनियुक्त महामंत्री धर्मवीर अग्रवाल द्वारा किया गया

इस अवसर पर प्रमुख रूप से संजय अग्रवाल, सौरभ बाष्णेय, अनूप अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, राजेश गुप्ता, अमित अग्रवाल, कन्हैयालाल अग्रवाल, विजय बाष्णेय, यश सराफ, उपेंद्र चतुर्वेदी, आशीष खंडेलवाल, सुरेश खंडेलवाल, विशाल शर्मा, दक्ष गोयल, अमित गोस्वामी, बंसीधर अग्रवाल, आकाश रावत, आशीष गर्ग, हर्ष खंडेलवाल, सतीश वर्मा, सोनू कुमार, इमरान, राजकुमार अग्रवाल, योगेश कुमार, रॉकी चौहान, विष्णु अग्रवाल, मनु ऋषि द्विवेदी, राजेश अग्रवाल, साबिर, हेमंत चतुर्वेदी, अमित हकीम, प्रशांत शर्मा, मनोज अग्रवाल, अजय अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, कन्हैया गर्ग, अमित अग्रवाल, मोहित मोबाइल, सुमित गारमेंट, केशव बंसल, फहीम, शकील, कन्हैया लाल, लोकेश गर्ग, रिंकू ठाकुर, सुनील अग्रवाल, रास बिहारी बाष्णेय, विशाल वर्मा, सौरभ, लक्ष्मण गुप्ता आदि सैकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे।

# चातुर्मास में ब्रज में समाहित रहती है पूरी सृष्टि: पं.अमित भारद्वाज

## चातुर्मास देवशयनी एकादशी 25 जुलाई से प्रारम्भ , देव प्रबोधनी एकादशी 21 नवंबर तक रहेगा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



इस बार चातुर्मास देवशयनी एकादशी 25 जुलाई से प्रारम्भ , देव प्रबोधनी एकादशी 21 नवंबर तक रहेगा । धर्म सलाहकार पंडित अमित भारद्वाज ने बताया कि मान्यता है इन चार माह श्रीहरि विष्णु योग निद्रा में लीन रहते है। इन माह में नियम, व्रत, पूजन व विष्णु आराधना के अलावा ब्रज के प्रमुख उत्सवों का दौर शुरू हो जायेगा। चातुर्मास में पूरी सृष्टि ब्रज में समाहित रहती है।ब्रज 84 कोस यात्राएं की जाएंगी। चातुर्मास में ही ब्रज यात्रा का विधान है। इस समय समस्त देव, तीर्थ, ऋषिगण ब्रज वास करते हैं। मांगलिक कार्य इन चार माह निषेध रहते हैं। धार्मिक कृत्य किए जाते हैं।प्रथम माह श्रावण में शिव उपासना, द्वितीय माह भाद्रपद में पर्व, उत्सव, आश्विन मास में पूर्वजों के प्रति समर्पण भाव व शक्ति/ देवी की उपासना के लिए एवं चतुर्थ मास कार्तिक भगवान विष्णु व तुलसी महारानी की उपासना सहित ब्रज के उत्सव आदि होंगे। चातुर्मास में व्रत के अलावा नियम ,संयम, सदाचार, त्याग, ब्रह्मचर्य व परोपकार की भावना होना आवश्यक है।

पंडित अमित भारद्वाज ने बताया कि चातुर्मास में किसी भी तीर्थ स्थल की यात्रा नहीं होती है बजाय ब्रज के ।ये यथार्थ है। ब्रज में देव , ऋषि , तीर्थ अपने स्थानों को त्याग कर ब्रज में आ जाते हैं । इस कारण अनेक धर्मगुरु, शंकराचार्य आदि भी संपूर्ण चातुर्मास ब्रज में व्यतीत कर अपने अनुष्ठान आदि करते हैं । भगवान विष्णु की आराधना के लिए उनके द्वारा लिए गए पूर्ण अवतार श्रीकृष्ण की भूमि से श्रेष्ठ स्थान अर्थात ब्रज चौरासी कोस से उपयुक्त कोई हो ही नहीं सकता । चौरासी कोष ब्रज में दर्शन , जप, उपासना, लीला स्थलियों का भ्रमण 84 योनियां से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। यहां हर स्थान पर प्रभु से निकटता का आभास होता है ।

## 16 को धूमधाम से निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा

मथुरा। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की रथयात्रा 16 जुलाई 2026, गुरुवार को मथुरा में श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। यह आयोजन इसकॉन कृष्णा नगर, मथुरा के तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम का मुख्य स्थल राधा ऑर्किड, मथुरा रहेगा।

इस्कॉन और बीबीटी के संस्थापक आचार्य हिज डिवाइन ग्रेस ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रीला प्रभुपाद जी की प्रेरणा से आयोजित होने वाले इस भव्य महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रथ यात्रा के पावन अवसर पर दोपहर 02:30 बजे भजन कीर्तन से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। दोपहर 03 बजे भक्तों के लिए लंच प्रसादी की व्यवस्था रहेगी और साथ ही अतिथियों का आगमन शुरू होगा। दोपहर 03:15 बजे भगवान श्री जगन्नाथ जी का स्वागत किया जाएगा। शाम 03:30 बजे विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शाम 03:45 बजे भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। शाम 04:15 बजे भगवान श्री जगन्नाथ जी की महाआरती उतारी जाएगी। शाम 4:30 बजे रथ यात्रा शुरू होगी। भगवान जगन्नाथ, भाई बलदेव और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलेंगे। रथयात्रा राधा ऑर्किड से प्रारम्भ होकर मसानी चौराहा, डीग गेट, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, पोतरा कुंड, महाविद्या चौराहा, महाविद्या कुंड, रामलीला ग्राउंड, कल्याणम करोति होते हुए पुनः राधा ऑर्किड पर संपन्न होगी। आयोजकों ने बताया कि इस अवसर पर आस-पास के गांवों, जिले के प्रत्येक क्षेत्र, अनेक राज्यों तथा विदेशों से भी भक्तगण आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

# स्टेशन प्रबंधक की पिटाई को लेकर रेलवे कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

आगरा कैंट, मथुरा रेलवे स्टेशन सहित देशभर के स्टेशनों में दूसरे दिन मंगलवार को सहायक स्टेशन प्रबंधक की पिटाई के विरोध में कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध कर रहे हैं। ऑल इंडिया स्टेशन प्रबंधक एसोसिएशन के राष्ट्रीय महामंत्री शरद चंद्र आगरा पहुंचे। आगरा रेल मंडल के दर्जन भर से अधिक सहायक स्टेशन प्रबंधक और स्टेशन प्रबंधकों ने जुलूस निकालकर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों के खिलाफनारेबाजी की। दोषी जवानों को बर्खास्त करने पर जोर दिया। बताया जाता है कि कैंट रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या एक पर रविवार सुबह हीराकुंड एक्सप्रेस को रोकने पर रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) और डिप्टी स्टेशन मास्टर (डीएसएम) के बीच विवाद हो गया। आरपीएफजवानों ने चेन पुलिंग के आरोप में पति-पत्नी को पकड़ लिया, डीएसएम ने इसका विरोध किया। उनका कहना था कि स्टेशन पर उतरी महिला यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही थी। ट्रेन के गार्ड को वॉकी-टॉकी से बात करके गाड़ी रोकी गई। विवाद बढ़ने पर आरपीएफने डीएसएम नरेंद्र चाहर से मारपीट कर दी। उन्हें प्लेटफॉर्म पर घसीटते हुए ले गए। जिससे रेलवे कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया, वह मौके पर जुट गए। वहां मौजूद लोगों ने डीएसएम को घसीटने की वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दी।

मामले में आरपीएफके एएसआई मेघराज मीणा, बालकिशन, आरक्षी जितेंद्र और बदन सिंह को निलंबित कर दिया गया। प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए तीन अधिकारियों की समिति गठित की गई है।

# वृंदावन में यमुना का जलस्तर बढ़ा, केशीघाट की सीढ़ियां डूबीं

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

पहाड़ों पर हो रही लगातार मूसलाधार बारिश अब मैदानी इलाकों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। कुछ दिन पूर्व हथिनीकुंड बैराज से छोड़ा गया 50 हजार क्यूसेक पानी अब धर्मनगरी वृंदावन पहुंच चुका है। इसके चलते यमुना के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वृंदावन के ऐतिहासिक केशीघाट की कई सीढ़ियां पानी में डूब चुकी हैं। वहीं प्रशासन द्वारा अभी कोई भी सुध नहीं लेने को लेकर स्थानीय लोगों और तीर्थपुरोहितों में भारी चिंता देखी जा रही है।

धर्मनगरी वृंदावन में यमुना का रौद्र रूप एक बार फिर लोगों को डराने लगा है। हथिनीकुंड बैराज से छोड़ा गया पानी मंगलवार को वृंदावन पहुंचा, जिसके बाद यमुना उफान पर हैं। केशीघाट पर यमुना का पानी घाट की सीढ़ियों को पार करते हुए ऊपर तक आ गया है। आलम यह है कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाया गया अस्थाई चेंजिंग रूम भी पानी में पूरी तरह डूबता हुआ दिखाई दे रहा है। यमुना का जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में पानी भरना शुरू हो गया है। स्थानीय निवासी और तीर्थपुरोहित पिछले साल आई विनाशकारी बाढ़ को याद कर सहमे हुए हैं। पिछले वर्ष यमुना की बाढ़ ने वृंदावन और खादर के इलाकों में भारी तबाही मचाई थी, जिससे करोड़ों का नुकसान हुआ था।

यमुना महारानी मंदिर के सेवायत सिद्धार्थ ने बताया कि पानी लगातार बढ़ रहा है और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की धड़कनें तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछले साल की विभीषिका से सबक लेने के बाद भी इस बार प्रशासन की ओर से बाढ़ से निपटने की कोई ठोस तैयारियां जमीन पर दिखाई नहीं दे रही हैं। यदि पानी का स्तर और बढ़ा, तो स्थिति एक बार फिर बेकाबू हो सकती है।

# इस्लामिया इंटर कॉलेज में महा वृक्षारोपण अभियान, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति (रजि.) उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में मंगलवार को इस्लामिया इंटर कॉलेज, मथुरा में महा वृक्षारोपण अभियानद्द2026 के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक अग्रवाल ने प्रथम पौधा लगाकर किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिकाधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस्लामिया इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य साजिद इकबाल ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना है, ताकि वे प्रकृति के प्रति अपने दायित्व को समझें और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने में सहभागी बनें।

ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति (रजि.) उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी उन्हीं को सौंपी गई है। इससे उनमें प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित होगी और अभियान का उद्देश्य भी सार्थक होगा। समिति एवं भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय चेतना और आपसी भाईचारे को भी सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर महा वृक्षारोपण अभियान में सहयोग के लिए प्रधानाचार्य साजिद इकबाल को स्मृति-चिह्न एवं देशभक्ति से प्रेरित दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्याम शर्मा, अर्जुन पंडित, बृजभान गोस्वामी, मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद इमरान, डॉ. राजवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, संजय प्रसाद, रोहित वर्मा, अजय कुमार, हर्ष सैनी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया तथा पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

# सावन मास में आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

द्वारिकाधीश मंदिर के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। इस पत्र के माध्यम से मांग की गई कि होली गेट और चौक बाजार की ओर से द्वारकाधीश मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के मार्ग में प्रतिदिन तीन पालियों (शिफ्टों) में साफ-सफाई कराई जाए। साथ ही, मंदिर के मुख्य द्वार और अन्य दोनों गेटों पर प्रकाश (लाइट) की अतिरिक्त व्यवस्था की जाए।

चूंकि श्रावण मास से शुरू होकर दीपावली और भाई दूज तक तीर्थयात्रियों का आना निरंतर जारी रहता है और वे विश्राम घाट तथा द्वारकाधीश मंदिर सहित सभी प्रमुख स्थानों पर दर्शन के लिए जाते हैं, इसलिए उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मंदिर प्रशासन की ओर से दिए गए इस ज्ञापन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि इन कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए, ताकि किसी भी तीर्थयात्री को कोई परेशानी न हो। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी भी मौजूद रहे।

# जन सुविधा केंद्रों पर नही हो रही फार्मर रजिस्ट्री, जिलाधिकारी ने किया असंतोष व्यक्त

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।




जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल फॉर्मर रजिस्ट्री में जन-सुविधा केन्द्रों द्वारा किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री करने में रूचि नहीं ली जा रही है, जिस कारण जनपद की रैंक प्रदेश स्तर पर प्रभावित हो रही है, जो अत्यन्त खेदजनक एवं लापरवाही का घोतक है, फॉर्मर रजिस्ट्री के महत्वपूर्ण कार्य में जनपद में संचालित सी.एस.सी. में से 137 सी.एस.सी. सेंटर्स द्वारा एक भी फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं बनायी गयी है, जिस पर उन्होने जिला प्रबन्धक सी.एस.सी. ई-गवर्नेंस इण्डिया लिमि. को निर्देशित करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण कार्य में शिथिलता बरतने वाले जन-सेवा केन्द्र संचालकों की लॉगिन आई.डी. को तत्काल ब्लॉक करते हुए अवगत करायें एवं किसी भी दशा में इन केन्द्रों की लॉगिन आई.डी. बिना संज्ञान में लाये न खोली जायें।

अपर जिलाधिकारी श्यामलता आनन्द ने फॉर्मर रजिस्ट्री में रूचि न लेने वाले विकास खंड बरनाहल के ग्राम बमटापुर के सी.एस.सी. संचालक गौरव कुमार, ग्राम गोपियापुर के प्रेम नारायण, ग्राम बहसी के गोविन्द, विकास खंड बेवर के ग्राम श्यामपुर भटपुरा के सी.एस.सी. संचालक आलोक कुमार, बेवर नगर पचांचयत के अर्जुन, वार्ड नम्बर 07 के राहुल कुमार शाक्य, ग्राम निजामपुर के रजनेश, भोगांव नगर पंचायत वार्ड संख्या-01 के अभिषेक यादव, वार्ड संख्या-09 के दिव्या निर्भय, नगर पंचायत घिरोर के वार्ड संख्या-02 के संदीप कुमार, ग्राम पचावर के रजनेश कुमार, ग्राम मथौली के बृजेश कुमार, ग्राम बिधूना के रोहित, ग्राम पड़रिया की रीना, ग्राम औरंगाबाद की मधु, ग्राम हिम्मतपुर उजियारी के हरिओम कुमार, ग्राम बमरौली के वीरेन्द्र कुमार, ग्राम नगला इन्द्र के अमित कुमार, ग्राम लपगवां के वेदराम, ग्राम ओय के सामंत सिंह यादव, ग्राम तिसाह के धनपाल सिंह, ग्राम नगला कंचन के सुनील कुमार, ग्राम लोहाबल खेड़ा के शिव कुमार, ग्राम कोसमा मुसलमीन के आमिर खान, ग्राम मधन के अशुंल कुमार, ग्राम अकबरपुर औंछा के पंकज कुमार, ग्राम कोसमा हिनूद के रवि कुमार, ग्राम फैजपुर के विकास कुमार, ग्राम शहजादपुर के अनुज प्रताप, विकास खंड जागीर के ग्राम बीरपुर कलां के चेतन कुमार, ग्राम पर्वतपुर के रविकांत, गोशलपुर गहियर के सुभाष चन्द्र, ज्योति खुड़िया के वार्ड संख्या-05 के स्वतंत्र कुमार, वार्ड संख्या-04 की स्वेता मिश्रा, विकास खंड करहल के ग्राम पृथ्वीपुर के रोहित नंदन यादव, ग्राम अहलादपुर के रिषभ यादव, ग्राम ऐमनपुर के रवि कुमार, विकास खंड किशनी के ग्राम फरैंजी के बृजेश कुमार, ग्राम बरौली के संदीप कुमार, ग्राम महगवां के नवल किशोर, विकास खंड कुरावली के ग्राम सलेमपुर के हरीओम, भरतपुर के कृष्णमूर्ति, ग्राम जींगन चीतई के अतुल कुमार, नगर पंचायत कुरावली के वार्ड संख्या-07 के नवीन कुमार, ग्राम ज्योति के राकेश कुमार, पूनम गुप्ता, रंजीत कुमार, ग्राम नगरिया के श्यामवीर, ग्राम ई. मॉझपाटी के अमित कुमार, ग्राम नौरंगापुर के अनुराग, ग्राम सुरजई देहात की अनीता देवी, ग्राम हाफिजपुर के राजेश कुमार, ग्राम सराय लतीफ के अमन कुमार, ग्राम बल्लमपुर के अंकेश, ग्राम खिरिया पीपर के रिषभ कुमार, ग्राम महादेवा जगतपुर के संजीत कुमार शर्मा, ग्राम नौरंगपुर के लोकेश, ग्राम बेलाहार के मनीष यादव, ग्राम बलरामपुर के अतुल कुमार, ग्राम फिरोजपुर के अमित कुमार, ग्राम सहादतपुर के रवि कुमार की लॉगिन आई.डी. ब्लॉक करने के निर्देश दिये।

ए.डी.एम. ने बताया कि विकास खंड मैनपुरी के ग्राम बरौली के अभिषेक यादव, ग्राम गांगसी के रूस्तम कुमार, वार्ड संख्या-03 के राहुल, ग्राम नगला गुरू के अश्वनी शाक्य, वार्ड संख्या-16 के दीप चन्द्र, कुशार्ग श्रीवास्तव, संजय कुमार पाल, नीरज कुमार पाल, विशाल, शशिकांत दुबे, ग्राम दिवौली के अमित कुमार, वार्ड संख्या-19 के बृजेश कुमार, वार्ड संख्या-21 के मनीष चौहान, सचिन कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, वार्ड संख्या-06 के श्रीकांत सागर, विकास सिंह, अर्जुन राजपूत, ग्राम हलपुरा के शैलेन्द्र, ग्राम जसरऊ के उमेश चन्द्र, वार्ड संख्या-02 के शमशाद, वार्ड संख्या-17 के गौरव कुमार गुप्ता, पूजा सक्सैना, रेलवे कॉलौनी, पावर हाउस कॉलौनी के ओम प्रताप सिंह चौहान, वार्ड संख्या-13 के राजीव कुमार, वार्ड संख्या-07 के संजीव कुमार, कौशल कुमार, वार्ड संख्या-12 के संजीव कुमार, विनय कुमार, वार्ड संख्या-23 के उदित नारायण, अम्बरीश कुमार यादव, वार्ड संख्या-25 के आशीष यादव, राम प्रकाश, कमलेन्द्र सिंह, वार्ड संख्या-11 के सुबूर मियां, नगला रते रामलीला मैदान की आरती, कौशलेन्द्र शर्मा, वार्ड संख्या-18 के प्रशांत शर्मा, वार्ड संख्या-10 के संजीव कुमार, वार्ड संख्या-09 के प्रग्लोव गर्ग, वार्ड संख्या-04 के सौरभ, वार्ड संख्या-08 के धर्मेन्द्र कुमार, विपिन कुमार, ग्राम संसारपुर के शिवओम मिश्रा, ग्राम गड़ेरी की ममता यादव, ग्राम नगला गुरू के चिन्तामणि, ग्राम औड़ेन्य पड़रिया के रघुनाथ सिंह, अमित कुमार, ग्राम नारायनपुर के रंजीत यादव, औड़ेन्य मंडल के ओमेन्द्र सिंह, जितेन्द्र कुमार, ग्राम जरामई के अनूप, वार्ड संख्या-05 के दुर्विजय सिंह, नगला रते रामलीला मैदान वार्ड के सुशील कुमार, ग्राम अकुण्डईया के कौशल प्रताप, रेलवे कॉलौन पावर हाउस के श्याम सिंह, राघवेन्द्र कुमार, मैनपुरी खास के शशिकांत, सैदपुर बघौली के ज्ञानेन्द्र सिंह, ग्राम खरपरी के उमाशंकर, ग्राम हरिचन्द्ररपुर के श्याम सिंह, टिण्डौली के राजेश कुमार, जसरऊ के शिवम, रतिभानपुर के कुलदीप सिंह, रठेरा के अमित कुमार, अंगौथा के सूरजभान सिंह, बहादुरपुर के प्रशांत, दिलीप कुमार, तबेपुर के भूपेन्द्र राजपूत, जवापुर के अजय कुमार, नारायनपुर की शैलेश कुमारी, गांगसी के अशुंल, नगला सेमर के सोनू कुमार, सुरजनपुर बरखेड़ा के अजय कुमार की लॉगिन आई.डी. ब्लॉक कर दी गयी है।

# स्वास्थ्य विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही से कस्बे में मचा हड़कम्प



**घिरोर।** झोलाछाप डॉक्टरों के चलते आए दिन हो रहीं मौत की घटनाओं को देखते हुए कस्बे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई।

आपको बताते चलें कि मंगलवार को ड्रग इंस्पेक्टर और नोडल अधिकारी की टीम ने कस्बे में संचालित अवैध क्लिनिक और ऐसे मेडिकल जिन पर मरीज का उपचार करने की शिकायत मिल रही थी संयुक्त रूप से कार्यवाही की। टीम ने बंद करके भागे क्लिनिक और मेडिकल संचालकों के तालों पर सील लगाई और नोटिस चस्पा करते हुए तीन दिन के अंदर नोटिस का जवाब मांगा है।

विभाग ने करहल रोड पर राहुल मेडिकल, पूजा एक्सरा, मुकेश क्लीनिक, संतोष क्लिनिक और जसराना रोड पर यामीन, मुस्तफा डेंटल क्लीनिक, खान क्लिनिक समेत आधा दर्जन से अधिक पर नोटिस चस्पा किया ।

# चोरी के सामान और नकदी के साथ शातिर चोर गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**दन्नाहार/ मैनपुरी।** दन्नाहार थाना क्षेत्र के ग्राम खिरिया में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए जेवरात, मोबाइल और नकद रुपए बरामद किए गए हैं।

ग्राम खिरिया निवासी नीरज पत्नी राघवेंद्र के घर से बीते 9 जुलाई की रात सोने-चांदी के आभूषण, मोबाइल और नकद रुपए चोरी हो गए थे। इस संबंध में पीड़िता द्वारा 13 जुलाई को तहरीर दी गई थी, जिसके आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर झण्डाहार तिराहा के पास से आरोपी कुलदीप पुत्र विनोद कुमार (निवासी ग्राम खिरिया, थाना दन्नाहार) को धर दबोचा गया।

गिरफ्तार आरोपी के पास से 1 मदार्ना अंगूठी (पीली धातु), 3 जनानी अंगूठी (पीली धातु), 1 जोड़ी कान के झाले, 1 मंगलसूत्र का पेण्डल, 2 ओम (पीली धातु), 1 गले की चैन, 2 जोड़ी पायल (सफेद धातु), 1 जोड़ी बिछिया, 1 जोड़ी बच्चों के खड़ुआ, 1 बच्चों की करधनी, 1 लावा का कीपैड मोबाइल तथा ?2700 नकद बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

# एक दिवसीय खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा एक दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन



टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा विपणन विकास सहायता योजनान्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया गया, जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदस्य जिला पंचायत जितेन्द्र बाबू राजपूत ने आम जनमानस को सरकार द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिये प्रोत्साहित किया।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी पवन यादव ने उपस्थित लोगों से स्वयं का रोजगार यथा घानी तेल, आटा चक्की, सटरिंग, टेन्ट, ब्यूटी पार्लर, दुग्ध उत्पाद आदि सेवा क्षेत्र एवं विनिर्माण क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले उद्योगों को स्थापित करने हेतु प्रेरित किया गया एवं उद्योग स्थापना में बैंको के माध्यम से वित्तीय सहायता हेतु विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में आवेदन करने हेतु कहा, प्रजापति, कुम्भकार समाज के लोगों को अपना उद्योग स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना में आवेदन करने एवं निःशुल्क विद्युत चालित चाक प्राप्त करने हेतु जानकारी प्रदान की गयी।

जागरूकता शिविर में विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की, जागरूकता शिविर में प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नागेन्द्र सिंह, फोरमेन जी.आई.टी.आई.सतीश कुमार, प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रवीश मिश्रा, जिला कौशल प्रबन्धक अभिषेक कुमार चौरसिया, वरिष्ठ सहायक अवनीश कुमार, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# घरेलू हिंसा उत्पीड़न से ग्रसित महिलाओ से जिलाधिकारी ने किया सम्बाद

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत इंटरफेस कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने महिला चिकित्सकों, शिक्षकों, विभिन्न क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं के अलावा घरेलू हिंसा उत्पीड़न से ग्रसित महिलाओं से सीधे संवाद करते हुए कहा कि केंद्र-प्रदेश सरकार ने महिलाओं-बालिकाओं की शिक्षा-सुरक्षा, स्वास्थ्य के अलावा स्वावलंबन, आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए तमाम योजनाएं संचालित की हैं, महिलाओं-बालिकाओं का किसी भी स्तर पर शोषण न हो, सभी को शिक्षा, सुरक्षा मिले, पीड़ित महिला-बालिका को तत्काल न्याय मिले इसके लिए प्रत्येक थाने पर महिला हेल्प-डेक्स की स्थापना कर वहां महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई ताकि पीड़ित महिला निःसंकोच अपनी बात कह सके। उन्होने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल अधिकार देने तक सीमित नहीं बल्कि समाज, परिवार और नई पीढ़ी को सही दिशा देने की जिम्मेदारी भी मातृशक्ति के कंधों पर है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आवश्यक है लेकिन उसका सदुपयोग और अनुशासन भी उतना ही आवश्यक है, अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन करने से ही स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि बदलती सामाजिक परिस्थितियों में संयुक्त परिवारों का स्वरूप तेजी से समाप्त हो रहा है, पहले परिवारों में महिलाएं अपने सुख-दुख एक-दूसरे के साथ साझा कर लेती थीं, जिससे छोटे-छोटे विवाद स्वतः ही समाप्त हो जाते थे, आज संवाद की कमी और छोटे-छोटे अहंकार पारिवारिक कलह का कारण बन रहे हैं यदि समय रहते बातचीत, आपसी समझ विकसित की जाएं तो अनेक विवादों को न्यायालय तक पहुंचने से पहले ही समाप्त किया जा सकता है।

श्री त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को सबसे अधिक विवेकपूर्ण सोच की आवश्यकता है, किसी भी बात पर बिना सत्यापन, विश्वास करने की प्रवृत्ति सामाजिक तनाव को बढ़ाती है, समाज की अग्रणी महिलाएं लोगों को जागरूक करें, परिवारों में संवाद बढ़ाएं तथा जहां कहीं भी अन्याय, उत्पीड़न हो, वहां पीड़ित महिलाओं को आगे बढ़कर सहयोग, उचित मार्ग-दर्शन प्रदान करें। उन्होंने कहा कि कई बार छोटे-छोटे पारिवारिक विवाद गंभीर रूप धारण कर लेते हैं जबकि थोड़ी बातचीत, मध्यस्थता से उनका समाधान संभव होता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की भूमिका केवल कानूनी कार्यवाही तक सीमित नहीं बल्कि सामाजिक समरसता बनाए रखना भी प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होने किशोरियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऌऌकिशोरी मंचऌऌ की अवधारणा को अत्यंत प्रभावी बताते हुए कहा कि प्रत्येक गांव में 25-30 किशोरियों का समूह बनाकर उन्हें जीवन कौशल, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक विरासत तथा सही निर्णय लेने की क्षमता से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को इन समूहों का संरक्षक बनाया जाएगा ताकि किशोरियों को नियमित मार्ग-दर्शन प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था जीवन का सबसे संवेदनशील दौर होता है, इस आयु में भावनात्मक निर्णय भविष्य को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए आवश्यक है कि किशोरियों को सही मार्ग-दर्शन, पारिवारिक मूल्यों और आत्मविश्वास से जोड़ा जाए, जिससे वह किसी भी प्रकार के भ्रम या प्रलोभन का शिकार न बन सकें।

जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, अब आवश्यकता इस बात की है कि समाज की जागरूक महिलाएं, स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षिकाएं तथा सामाजिक संगठन मिलकर किशोरियों के व्यक्तित्व विकास और परिवारों में सकारात्मक वातावरण निर्माण की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि परिवार समाज की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है यदि परिवार मजबूत होंगे तो समाज भी मजबूत होगा, छोटे-छोटे विवादों को संवाद, समझदारी और आपसी विश्वास के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है, महिलाओं की सकारात्मक भागीदारी से सामाजिक समरसता को नई दिशा मिलेगी। उन्होने उपस्थित महिलाओं से आह्वान किया कि वह नई पीढ़ी को संस्कार, शिक्षा, आत्मविश्वास, स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का संकल्प लें।

# नवीगंज के लालपुर गांव के पास बड़ा हादसा टला, अनियंत्रित कार महिला व बकरी को टक्कर मारकर बिजली के खंभों के बीच फंसी

**नवीगंज।** नवीगंज क्षेत्र के लालपुर गांव के पास मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। बच्चों को स्कूल छोड़कर वापस लौट रही एक कार अचानक अनियंत्रित हो गई। तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे जा रही एक महिला और एक बकरी को टक्कर मार दी। इसके बाद कार सड़क किनारे लगे बिजली के दो खंभों के बीच जाकर फंस गई, जिससे वह आगे बढ़ने से रुक गई और बड़ा हादसा होने से बच गया।

घटना के समय सबसे राहत की बात यह रही कि कार में कोई भी स्कूली बच्चा सवार नहीं था। यदि बच्चे कार में मौजूद होते तो हादसा गंभीर रूप ले सकता था। टक्कर लगने से महिला घायल हो गई, जबकि बकरी भी चोटिल हो गई। आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद की। सूचना मिलने पर संबंधित लोग भी मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने सड़क पर सावधानी से वाहन चलाने की अपील करते हुए कहा कि तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण आए दिन ऐसे हादसे हो रहे हैं। समय रहते कार रुक जाने से एक बड़ा हादसा टल गया।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, छात्राओं को सिखाए यातायात के नियम

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।




स्थानीय राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के प्रांगण में मंगलवार को प्रार्थना सभा के दौरान एक भव्य सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षित यातायात के प्रति सचेत करना और उनमें सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति गहरी समझ विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को विभिन्न यातायात संकेतों और सड़क पर चलते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सड़क सुरक्षा विषय पर आकर्षक पोस्टर और विभिन्न यातायात संकेतों के मॉडल बनाकर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिससे उन्होंने जिम्मेदारी से वाहन चलाने और पैदल चलने का संदेश दिया।

इस महत्वपूर्ण गतिविधि के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षिकाएँ और शिक्षणेतर कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने और छात्राओं को जीवनभर एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने में डॉक्टर सरोज यादव, आशा शर्मा, ज्योति सक्सेना, सुनीता देवी, शैली पांडे, खुशबू पांडे, ज्योति, समीक्षा, अंजलि सक्सेना, किरण पाल, अंजना सक्सेना, कुशमा देवी, गीता श्रीवास्तव और सुमन ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस तरह के आयोजनों से न केवल छात्राओं में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी, बल्कि वे अपने परिवारों और समाज को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक कर सकेंगे।

# 81 वर्षीय पुजारी ने पड़ोसियों पर झोपड़ी तोड़ने और पंखा उठा ले जाने का लगाया आरोप, सीओ करहल से लगाई न्याय की गुहार

टीएनएफ टुडे, करहल (मैनपुरी)।



करहल थाना क्षेत्र के नगला बाबा मुहब्बतपुर स्थित ब्रह्मदेव हनुमान मंदिर के पुजारी ताले सिंह उर्फ डंडी स्वामी (81 वर्ष) ने गांव के ही पांच लोगों पर झोपड़ी तोड़ने, पंखा उठा ले जाने, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित पुजारी ने क्षेत्राधिकारी (सीओ) करहल को शिकायती पत्र देकर मामले में निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायती पत्र के अनुसार, मंदिर परिसर में रह रहे पुजारी ताले सिंह का आरोप है कि नामजद आरोपी आए दिन उन्हें परेशान करते हैं। हाल ही में आरोपियों ने उनकी झोपड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया और वहां रखा पंखा भी उठा ले गए। विरोध करने पर उनके साथ अभद्रता की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इस घटना के बाद से वह खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

पुजारी का कहना है कि वह वर्षों से ब्रह्मदेव हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर रहे हैं, लेकिन कुछ लोग लगातार उन्हें प्रताड़ित कर मंदिर छोड़ने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार समझाने के बावजूद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं, जिससे उनके सामने सुरक्षा और आजीविका दोनों का संकट खड़ा हो गया है।

पीड़ित पुजारी ने सीओ करहल से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने, उनकी झोपड़ी को हुए नुकसान की जांच कराने तथा सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर तथ्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# किसान दिवस 15 को

**मैनपुरी।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि दि. 15 जुलाई को दोपहर 12 बजे से क्षेत्रीय ग्रामीण संस्थान कार्यालय सभागार में किसानों की समस्याओं के निस्तारण हेतु किसान दिवस का आयोजन होगा। उन्होने बताया कि किसान दिवस में किसानों की समस्याओं के निस्तारण के साथ-साथ कृषकों की आय बढ़ाने के उपाय, कृषि विपणन के सम्बन्ध में उपयोगी जानकारी, किसानों के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी, कृषि निवेश, उपकरणों, संचालित योजनाओं में लाभार्थी किसानों के चयन की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी जायेगी। उन्होने बताया कि किसान दिवस में कृषि, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, विद्युत, सिंचाई, पशु पालन दुग्ध संघ कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, बैंक मैनेजर, इन्श्योरेंस कम्पनी प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे।

# छह प्रतिशत ब्याज के साथ पांच लाख का भुगतान करे बीमा कंपनी

**मैनपुरी।** पति की मृत्यु के बाद महिला ने बीमा के पांच लाख रुपये मांगे तो दावे में कमियां बताते हुए बीमा कंपनी ने भुगतान करने से मना कर दिया। सोमवार को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष ने बीमा कंपनी को छह प्रतिशत ब्याज के साथ धनराशि अदा किए जाने का आदेश दिया है।

दन्नाहार क्षेत्र के गांव रठेरा निवासी संगीता यादव के पति देव कुमार ने पांच लाख रुपये की जीवन बीमा पॉलिसी, जीवन लाभ योजना ली थी। जिसमें पत्नी संगीता को उत्तराधिकारी बनाया था। 23 मई 2020 को पति की मृत्यु हो गई थी। पति की मृत्यु के कुछ समय बाद जब उन्होंने बीमा कंपनी से बीमा के पांच लाख रुपये मांगे तो मना कर दिया गया। कहा गया कि उनके पति की आयु वोटर कार्ड व स्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार भिन्न है। जबकि दोनों ही प्रपत्र बीमा करते समय बीमा कर्ता के पास मौजूद थे। मामले में सोमवार को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय ने निर्णय सुनाया। बीमा कंपनी को आदेश दिए कि वह दावा प्राप्त होने की तारीख से बीमा की पांच लाख रुपये की धनराशि पर छह प्रतिशत साधारण ब्याज सहित संगीता देवी को देने के लिए आयोग के खाते में जमा कराएं। इसके अलावा मानसिक कष्ट के संबंध में आठ हजार रुपये, परिवाद व्यय के छह हजार रुपये 45 दिनों में आयोग के खाते में जमा कराएं।

# मैनपुरी में अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न, संचारी रोगों व बाढ़ की तैयारियों पर दिए कड़े निर्देश

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के सभागार में वीएसआरएनए के अंतर्गत द्वितीय अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता स्वयं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में डब्ल्यूएचओ, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, जिला कृषि अधिकारी, सभी चिकित्सा अधीक्षक, एपिडेमियोलॉजिस्ट (आईडीएसपी), एएमओ, डीएचईआईओ, एडीओ पंचायत और सीडीपीओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में सीएमओ महोदया ने वषार्काल के बाद संचारी रोगों की रोकथाम के लिए पंचायती राज, कृषि और पशुपालन विभाग को आपस में समन्वय स्थापित कर समय से रिपोर्टिंग करने तथा सभी ग्रामों व मोहल्लों में शत-प्रतिशत दवाओं का छिड़काव, नालियों की सफाई व झाड़ियों की कटाई का कड़ा अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनपद में बाढ़ की पूर्व तैयारियों को लेकर भी विस्तृत रूपरेखा साझा की गई।



बैठक के दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ. अभिनव दुबे ने संचारी रोगों से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और अपील की कि किसी भी प्रकार के बुखार से पीड़ित मरीज तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपना उपचार कराएं। स्वास्थ्य विभाग ने आम जनमानस का आह्वान किया है कि वे हर रविवार मच्छर पर वार अभियान का पूरी निष्ठा से पालन करें। इसके तहत घरों में या उसके आसपास कूलर, फ्रिज की ट्रे, टूटे-फूटे बर्तनों और खराब पड़े टायरों में साफ पानी इकट्ठा न होने दें, क्योंकि डेंगू का लार्वा साफ पानी में ही पनपता है। सुरक्षा के दृष्टिगत सभी को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने, लक्षण दिखने पर तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से दवा लेने और किसी भी दशा में झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराने से बचने की सख्त हिदायत दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि डेंगू की पुष्टि के लिए आवश्यक एलिसा जांच जिला चिकित्सालय में पूरी तरह से नि:शुल्क उपलब्ध है।

इसी क्रम में बैठक के दौरान विश्व जूनोसिस दिवस भी मनाया गया, जिसमें पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाली गंभीर बीमारियों के प्रति उपस्थित अधिकारियों और आम जनता को जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने रैबीज, स्क्रब टाइफस, इन्फ्लूएंजा और इबोला जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रसार और उनसे बचाव के तरीकों पर विस्तृत प्रकाश डाला। बैठक में डॉ. अनिल यादव, हिलाल अहमद, रविन्द्र सिंह गौर, डॉ. मुनेन्द्र, डॉ. प्रदीप, विजय, विवेक सहित स्वास्थ्य एवं संबद्ध विभागों के अनेक वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विभाग ने अंत में संदेश दिया कि डेंगू और अन्य बीमारियों से बचने के लिए खुद भी जागरूक बनें और दूसरों को भी जागरूक करें।

# एडीजी ने कांवड़ यात्रा को लेकर लहरा गंगा घाट का किया निरीक्षण



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- व्यवस्थाओं को लेकर अधीनस्थों को दिये दिशा निर्देश
- एसपी ऑफिस में बैठकर की कानून व्यवस्था की समीक्षा

सावन मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर आगरा के एडीजी ने सोमवार की शाम लहरा गंगा नदी के घाटों का निरीक्षण किया। व्यवस्थाएं देखीं,कावड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। एडीजी ने बैठककर कानून व्यवस्था की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान एडीजी एस के भगत ने घटों की सुरक्षा व्यवस्था परखी पार्किंग स्थल सहित अन्य व्यवस्थाओं की देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि कांवड़ियों की सुरक्षा अहम है कोई लापरवाही न हो।

चौबीस घंटे पुलिस की तैनाती रहे अस्थायी चौकी बनाई जाए, पुलिस की पेट्रोलिंग निरंतर रहे, घाटों पर सीसी टीवी कैमरे लगवाए जाएं, ड्रोन कैमरे से निगरानी कराई जाए।

लापरवाह के विरुद्ध कार्यवाही होगी। निरीक्षण के बाद एडीजी एस के भगत ने पुलिस कार्यालय के सभागार में अधीनस्थों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने अपराधियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने को कहा। इस मौके पर उपमहानिरीक्षक अलीगढ़ प्रभाकर चौधरी, एसपी ओपी सिंह, एएसपी सुशील कुमार, सीओ पटियाली अमित कुमार, अग्नि शमन अधिकारी आर के तिवारीमौजूद रहे।

# जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के निर्देश पर राजस्व वसूली अभियान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

- बकाया जमा न करने पर पानी डालकर ईंट-भट्ठे का संचालन कराया गया बंद
- राजस्व वसूली में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी

जनपद में शासकीय राजस्व की प्रभावी वसूली सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के निदेर्शानुसार राजस्व विभाग द्वारा बकायेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार को उपजिलाधिकारी सदर श्वेता सिंह के नेतृत्व में राजस्व टीम ने तहसीलदार नीरज वार्ष्णेय के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए तहसील सदर क्षेत्र एक बड़े बकायेदार ईंट भट्ठे पर प्रवर्तन कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान तहसील सदर क्षेत्र स्थित किशनपुर मौजा में मै0कांता ईंट उद्योग (ईंट भट्ठा) पर लगभग 9,825,30 (9 लाख 82 हजार 530 रुपये) तथा देय ब्याज की राजस्व बकाया धनराशि जमा न किए जाने के कारण नियमानुसार भट्ठे में पानी डलवाकर उसका संचालन बंद करा दिया गया।

जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सरकारी राजस्व की वसूली में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बड़े बकायेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने सभी बकायेदारों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अपनी बकाया राजस्व धनराशि समय से जमा करें, अन्यथा नियमानुसार कुर्की, सीलिंग एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# आगरा स्थित राजकीय बल ग्रह सेल्टर होम का किया औचक निरीक्षण



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में राकेश धर दुबे जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार तुषारिका सिंह अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा आगरा स्थित सेल्टर होम का आज मंगलवार को निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण का उद्देश्य वहाँ रह रहे बच्चों, महिलाओं या अन्य आश्रित व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराना, आश्रित व्यक्तियों को को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराना, मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, सरकारी नियमों एवं मानकों का पालन एवं जाँच कराना है।

निरीक्षण के दौरान सेल्टर होम में उपस्थित बच्चों, महिलाओं एवं अन्य व्यक्तियों से उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी, वहाँ के आगत एवं जावक रजिस्टर तथा सेल्टर होम से सम्बन्धित समस्त जरूरी रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया साथ ही बच्चों एवं महिलाओं के पोषण हेतु खान-पान की व्यवस्था के बारे में सेल्टर होम अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी माँगी गयी तथा सुरक्षा, स्वास्थ्य और भोजन की गुणवत्ता की समीक्षा तथा निरीक्षण के दौरान जाँच के मुख्य बिंदु, प्रवेश रजिस्टर, केस फाइल एवं मेडिकल रिकॉर्ड एवं आवासीय व्यवस्था (कमरे, शौचालय, स्वच्छता) तथा भोजन की गुणवत्ता एवं पोषण सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

# माता हुलका महारानी मंदिर पर लगेगा परंपरागत आषाढ़ मेला

- 15दिनों तक मंदिर परिसर में रहेगी माता के भक्तों की धूम
- 15जुलाई को हवन यज्ञ और भंडारे के साथ होगा मेले का शुभारंभ

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



शहर के मोहल्ला नवाब स्थित माता हुल्कारानी के मंदिर पर परंपरागत रूप से आषाढ़ मास में 15दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले का शुभारंभ 15जुलाई को होगा। मंदिर परिसर में सुबह हवन यज्ञ और इसके बाद भंडारे का आयोजन होगा। मेले को लेकर आयोजकों द्वारा तैयारियां की जा रही है।

हुल्का महारानी मंदिर पर लगने वाले पारंपरिक आषाढ़ मेले को लेकर आयोजकों द्वारा तैयारियां को अंतिम रूप दिया गया है। मेला आयोजन समिति के विकाश पंडा न बताया कि यह मेला पौराणिक है । आषाढ़ शुकल प्रथमा की शुरू होकर पंद्रह दिनों तक चलता है इस मेले में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा दिल्ली आदि प्रदेशों से भी श्रद्धालु माता के दर्शन को पहुंचते हैं। माता की पूजा अर्चना के मनौती मांगते हैं। उन्होंने बताया कि मेले की सभी तैयारियों पूरी कर ली गई हैं। पंद्रह दिनों तक मंदिर में माता के भक्तों की कतार लगेंगी, धार्मिक कार्यक्रम भी होंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से मेले के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचकर माता रानी के दर्शन लाभ लेने की अपील की है।

# मारहरा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय एटा पर सोमवार को मारहरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों के साथ केक काटा। एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और विधायक की दीघार्यु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने कहा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी का जीवन जनसेवा और संगठन के प्रति समर्पित रहा है। उनके कुशल नेतृत्व में क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो रहा है। आज पूरा संगठन उनके जन्मदिन पर उनके सुखी और यशस्वी जीवन की मंगलकामना करता है।

इस दौरान कार्यकताओं ने विधायक के समर्थन में जमकर नारेबाजी की और समाज सेवा के कार्यों का संकल्प लिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम वरिष्ठ नेता, युवा मोर्चा के पदाधिकारी और भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जन्मदिन के इस विशेष अवसर पर मारहरा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी ने जिला अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों और कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए अपना संदेश देते हुए कहा कि "भाजपा कार्यालय एटा पर जिला अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता के नेतृत्व में आप सभी कार्यकताओं ने जिस आत्मीयता और उत्साह के साथ मेरा जन्मदिन मनाया है, उसके लिए मैं आप सभी का हृदय से आभारी हूं। कार्यकताओं का यही स्नेह और जनता का आशीर्वाद ही मेरी असली ताकत है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि संगठन की नीतियों पर चलते हुए क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मैं सदैव तत्पर रहूँगा। यह जन्मदिन मुझे जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूती से निभाने की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुशील गुप्ता, संतोष चौहान, शिक्षक नेता राहुल सिंह चौहान, मुकेश राजौरिया, राधेश्याम धनगर, नीलम चौहान, कुशल खितौलिया, गजेंद्र शर्मा, बबिता दिवाकर, रमेश श्योराई, वेदप्रकाश यादव, मंजू वर्मा, रमा मिश्रा, ममता सिंह, अंकित चौहान, मयंक उपाध्याय, अम्बरीश सिकरवार, आनन्द गुप्ता, प्रभुजोत सरदार, माधव पांडेय, सुमित चौहान, विजय सिंह टाइगर, अशोक प्रधान सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थाना अमापुर पुलिस के विरुद्ध भड़का आक्रोश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में थाना अमापुर पुलिस द्वारा मुकद्दमा दर्ज न किए जाने को लेकर पीड़ित परिवार और हिंदू संगठनों में पुलिस के विरुद्ध गुस्सा पनप गया। लोगों ने थाने पहुंचकर आक्रोश व्यक्त किया। मामले की जानकारी मिलने पर अमांपुर के विधायक हरिओम वर्मा भी थाने पहुंचे। सात दिन बात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किए जाने के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ।

घटना बीती 6 जुलाई की है थाना अमापुर के एक गांव से मुस्लिम युवक नाबालिग को बहला कर ले गया। मामले में पीड़ित परिवार अपनी शिकायत लेकर थाना अमापुर पहुंचा। आरोप है कि पुलिस ने पीड़ित की नहीं सुनी और न ही आरोपी के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज किया। पीड़ित ने विधायक हरिओम वर्मा से पुलिस की शिकायत करते हुए आरोपियों के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई। विधायक के हस्तक्षेप के बाद भी थाना पुलिस गंभीर नहीं हुई। मंगलवार को मामले ने तूल पकड़ दिया। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता पीड़ित परिवार के साथ थाने पहुंचे और पुलिस कार्यशैली पर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोपियों के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज किए जाने की मांग की। मामले की जानकारी मिलने पर विधायक हरिओम वर्मा भी थाने पहुंच गए। विधायक ने भी पुलिस की कार्यशैली को सरकार को बदनाम करने बाली बताया। सीओ के निदेश पर मामले में मां की तहरीर पर मुकद्दमा दर्ज हुआ तब कहीं जाकर लोगों का गुस्सा शांत हुआ। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस आरोपियों एवं किशोरी की तलाश कर रही है। मामला में मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है। विहिप के विभाग संगठन मंत्री नुकुल, बजरंगदल के जिला संयोजक गोविंद महेरे, नगर संघ चालक राकेश पारासर, संजय सोलंकी, चित्तर सिंह, राज दिवाकर सहित आदि हिंदूवादी नेता मौजूद थे।



# जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अवागढ़ (एटा)।

जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 इलामारन जि के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक नगर श्वेताभ पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अवागढ के प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह द्वारा थाना अवागढ़ पर पंजीकृत मु0अ0स0झ 131/2026 धारा 191(2), 191(3), 190, 115(2), 351(2), 109 बीएनएस बढोत्तरी धारा 3/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अंकित पुत्र लकी पुत्र सत्यप्रकाश निवासी कुसवा थाना अवागढ को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# भूजल सप्ताह के सफल आयोजन को लेकर बैठक आज

**एटा।** मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में 16 से 22 जुलाई 2026 तक "भूजल सप्ताह" का आयोजन "जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प" थीम के साथ किया जाएगा। इसके सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आज मंगलवार को दोपहर 12:15 बजे शताक्षी सभागार में उनकी अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे भूजल सप्ताह के दिवसवार कार्यक्रमों की कार्ययोजना के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें, ताकि जनपद में जल संरक्षण एवं जनजागरूकता अभियान का सफल संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

# विवाहिता की मौत के मामले में ससुरालियों पर मुकद्दमा दर्ज

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

शहर की श्री गणेश कॉलोनी में हुई विवाहिता की मौत के मामले में पिता ने ससुराली जनों पर विषाक्त देकर अतिरिक्त दहेज के लिए हत्या कर देने का आरोप लगाया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजदों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत आरोपियों की तलाश शुरू की है।

बरेली के मोहल्ला शांति बिहार थाना सुभाष नगर निवासी वेदप्रकाश ने बताया है कि उन्होंने 13 फरवरी2026 को अपनी बेटी सलोनी की शादी सौरभ सैनी निवासी श्रीगणेश कालोनी कासगंज के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन ने अतिरिक्त दहेज में एक कार व पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उन्होंने बेटी का उत्पीडन शुरू कर दिया। आरोप है बेटी के पति सौरभ सैनी, ससुर हृदेश सैनी, सास सुमन, ददिया सास रामकली, जेठ गौरव, जेठानी शिल्पी, देवर शेखर ने सलोनी को जहर दे दिया। शहर में रह रहे सलोनी के मौसा ओमकार सैनी ने हाल-चाल लेने को फोन किया तो तबियत खराब होने की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि गंभीर हालत में उसकी बेटी को कासगंज से अलीगढ़ लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर अवधेश भदौरिया ने बताया कि नामजद आरोपियों में से पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# जनपद स्तरीय रोजगार मेला आज, 10 प्रतिष्ठित कंपनियां करेंगी युवाओं का चयन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि निदेशालय, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, लखनऊ के निदेर्शों के क्रम में जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु 14 जुलाई मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे से टाटा टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण केन्द्र, राजकीय आईटीआई परिसर, कासगंज रोड, एटा में जनपद स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षित अभ्यर्थियों, राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) से प्रशिक्षित युवाओं तथा अन्य इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को प्रतिभाग कर रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में लगभग 10 प्रतिष्ठित नियुक्ता कंपनियां प्रतिभाग करेंगी और विभिन्न पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। उन्होंने जनपद के अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं से अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्र, बायोडाटा, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ रोजगार मेले में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि रोजगार मेले के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संस्थाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। शासन की इस विशेष प्राथमिकता वाले कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित विभागों को अपेक्षित सहयोग एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# 3 फीट पर झूल रही 11 केवी लाइने

## बड़े हादसे का इंतजार! या मौत के बाद जागेगा विद्युत विभाग?

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।



जनपद में झूलती हाईटेंशन लाइनें लगातार लोगों की जान ले रही हैं, लेकिन बिजली विभाग की कार्यशैली पर इसका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा। मिरहची थाना क्षेत्र के गांव लालपुर कल्याणपुर में 11 केवी हाईटेंशन लाइन महज तीन फीट की ऊंचाई पर खेतों के बीच झूल रही है। नीचे पानी से भरे धान के खेत हैं, जहां रोज किसान और खेतिहर मजदूर काम कर रहे हैं। ऐसे में पूरा इलाका किसी भी समय बड़े हादसे की दहलीज पर खड़ा है।

ग्रामीणों के मुताबिक कुछ महीने पहले आई तेज आंधी में बिजली का एक पोल टूट गया था। इसके बाद विभाग ने अस्थायी व्यवस्था के भरोसे लाइन छोड़ दी, लेकिन आज तक नया पोल नहीं लगाया गया। नतीजा यह है कि हाईटेंशन तार जमीन के बेहद करीब आ गए हैं। तारों पर लगातार बढ़ रहा तनाव उन्हें कभी भी टूटने की स्थिति में पहुंचा सकता है। यदि यह लाइन पानी से भरे खेत में गिरी तो कई लोगों की जान एक साथ खतरे में पड़ सकती है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि इन खेतों में धान की रोपाई चल रही है। किसान घंटों घुटनों तक पानी में खड़े होकर काम कर रहे हैं। ऐसे में यदि किसी का हाथ, कृषि उपकरण या मवेशी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया तो बचने की संभावना बेहद कम होगी। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे भी इन्हीं खेतों के रास्ते आते-जाते हैं और मवेशी भी यहीं चरते हैं।

## ग्रामीणों ने लगाए आरोप

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

एटा में पहले भी जर्जर और झूलती हाईटेंशन लाइनों ने कई किसानों और ग्रामीणों की जान ली है। कई परिवार अपने घर के कमाऊ सदस्यों को खो चुके हैं, लेकिन विभाग ने व्यवस्था सुधारने की बजाय हादसों को किस्मत मान लिया है। लालपुर कल्याणपुर में भी हालात उसी दर्दनाक तस्वीर को दोहराने की चेतावनी दे रहे हैं।

गांव के लोगों ने तत्काल नया पोल लगाकर लाइन को सुरक्षित ऊंचाई पर करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई और कोई हादसा हुआ तो उसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी। जब इस संबंध में एसडीओ विजय गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने कहा, ह्लमामला मेरे संज्ञान में नहीं था। तत्काल टीम भेजकर निरीक्षण कराया जाएगा और लाइन को सुरक्षित कराया जाएगा। इन सवालों पर विभाग मौन-आंधी में पोल टूटने के बाद भी महीनों तक मरम्मत क्यों नहीं हुई? क्या बिजली विभाग किसी की मौत का इंतजार कर रहा है? जिन हाईटेंशन लाइनों ने पहले कई जानें लीं, उनसे कोई सबक क्यों नहीं लिया गया? आखिर इन सवालों पर कब तक मौन रहेगा विभाग।

# बैराजों से घटा पानी का डिस्चार्ज, गंगा वार्निंग लेवल से 40सेमी दूर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- कछला ब्रिज पर गंगा का जलस्तर 161.760सेंटीमीटर
- विषम परिस्थिति से निपटने को सिंचाई विभाग कर चुका है तैयारियां

गगा नदी के जल स्तर में उतार चढ़ाव बना हुआ है। घटता बढ़ता जल स्तर तट सवर्तीय ग्रामों के किसानों एवं ग्रामीणों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। अभी बाढ़ की संभावना प्रतीत नहीं हो रही है फिर भी सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन ने किसी भी परिस्थिति से निपटने को तैयारिया कर रखीं है बाढ़ नियंत्रण कक्ष चौबीस घंटे सक्रिय है। गंगा के जल स्तर की निगरानी की जा रही है।

जिले की सीमा पर जनपद बदायूं मे वह रही गंगा नदी में प्रतिवर्ष बाढ़ के हालात बनते हैं। इससे जिले की तहसील सहावर, पटियाली एवं कासगंज के तट वर्तीय दर्जनों गांव इसका शिकार होते रहे हैं। इस वर्ष भी पहाड़ों पर हो रही अति वर्षा और बैराजों से छोड़े जा रहे पानी से कछला गंगा मचलने लगी हैं गंगा का जल स्तर बढ़ा हुआ है मंगवार को गंगा नदी का जलस्तर वार्निंग लेवल से मात्र चालीस सेंटीमीटर दूर रहा है। जबकि इसके विपरीत बैराजों से गंगा में पानी की डिस्चार्ज कम हुआ हैं। पानी का डिस्चार्ज कम होने के बाद भी गंगा नदी के जल स्तर में कोई कमी नहीं आई है। जिले में भले ही फिलहाल बाढ़ की संभावना दिखाई नहीं दे रही है सिंचाई विभाग भी इसी किसी संभावना से इनकार कर रहा है। फिर भी किसी भी विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए सिंचाई विभाग एवं जिला प्रशासन ने तैयारियां की है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष बनाया गया है जिस पर आठ घंटे की तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं जिला अधिकारी ने तहसील स्तरीय अधिकारियों को भी गंगा की ताजा स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं सिंचाई विभाग को गंगा के घटते बढ़ते जल स्तर की निगरानी को कहा है। सोमवार को कछला ब्रिज पर गंगा का जल स्तर 161.760सेंटीमीटर रिकॉर्ड किया गया।



गंगा का जल स्तर घट बढ़ रहा है, फिलहाल बाढ़ की कोई संभावना नहीं हैं। बैराजों से पानी का डिस्चार्ज भी कम हुआ है। तट वर्तीय ग्रामों के लिए भी सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। जिले की सभी बाढ़ चौकियों सक्रिय है।

संदीप जैन एसडीओ सिंचाई विभाग

### बैराजों से पानी का डिस्चार्ज

भीमगोड़ा बैराज हरिद्वारः 42869क्यूसेक

मध्य गंगा बैराज बिजनौरः 52706क्यूसेक

चौधरी चरण सिंह बैराज नरौराः 68957क्यूसेक

# भारत ने इंग्लैंड को छह विकेट से हराया

एजेंसी, बर्मिंघम।



इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा गए पहले वनडे में भारतीय क्रिकेट टीम ने 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज कर ली है। इस मैच में जीत के साथ ही टीम इंडिया ने यूके दौरे पर 6 हार के बाद अपनी पहली जीत दर्ज कर ली है। इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर 258 रन लगाए। जिसके बाद टीम इंडिया ने शुभमन गिल की शानदार पारी के दम पर इस मैच को 4 ओवर पहले ही जीत लिया। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है।

### इंग्लैंड ने बनाए थे 258 रन

इससे पहले,अनुभवी बल्लेबाज जो रूट और लियाम डॉसन के अर्धशतकों और 7वें विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की मदद से इंग्लैंड ने भारतीय तेज गेंदबाजों के दिए शुरूआती झटकों से उबरते हुए 258 रन बनाए। इंग्लैंड का स्कोर 13वें ओवर तक बिना किसी नुकसान के 61 रन था। इसके बाद उसने 22वें ओवर तक 6 विकेट 107 रन पर गंवा दिए और लग रहा था कि मेजबान टीम 150 रन भी नहीं बना सकेगी।

### रूट और डॉसन की शानदार साझेदारी

रूट ने हालांकि 76 गेंद में 76 और डॉसन ने 83 गेंद में 68 रन की पारी खेलकर टीम को संकट से निकाला। रूट ने बुमराह के पहले दो स्पैल खत्म होने का इंतजार किया और बाद में अक्षर पटेल की गेंदों की धुनाई की। बुमराह ने 9 ओवर में 31 रन देकर एक विकेट लिया जबकि गुरनूर बरार ने 9 ओवर में 61 रन देकर दो विकेट चटकाए। प्रसिद्ध कृष्णा ने 10 ओवर में 50 रन देकर दो विकेट लिए।

### बुमराह ने किया कमाल

इंग्लैंड ने उछाल और सीम लेती पिच पर बल्लेबाजी का फैसला किया। छह सप्ताह के ब्रेक के बाद लौटे बुमराह ने पहले स्पैल में चार ओवर में सिर्फ आठ रन दिए। जैकब बेथेल (31 गेंद में 14 रन) और बेन डकेट (45 गेंद में 43 रन ) उनका सामना नहीं कर सके। उन्होंने अपने स्पैल में 36 डॉट गेंद डाली। दूसरे छोर से प्रसिद्ध ने भी बेहतर गेंदबाजी की। वहीं डकेट ने बरार के पहले ओवर में 17 रन निकाले। बरार के अगले ओवर में भी दो चड्ढे लगे लेकिन तीसरे ओवर में उन्होंने तीन गेंद के भीतर दो विकेट लिए।

## दो दशक बाद सेमीफाइनल में भिड़ेंगी इंग्लैंड और अर्जेंटीना की टीमें

**अटलांटा।** दो दशक बाद 16 जुलाई गुरुवार को इंग्लैंड और अर्जेंटीना की टीमें फीफा वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में आमने-सामने होने वाली हैं। दोनों टीमों के बीच खेले जाने वाले मुकाबले से वर्ल्ड कप की सबसे पुरानी प्रतिद्वंद्विताओं में से एक हो गया है। इंग्लैंड और अर्जेंटीना पांच मुकाबले में आमने सामने हुए हैं। इस दौरान इंग्लैंड का पलड़ा भारी रहा है। इंग्लैंड की टीम तीन मुकाबले जीती है, जबकि अर्जेंटीना को दो मैचों में जीत मिली है, जिसमें एक पेनल्टी भी शामिल है। इंग्लैंड और अर्जेंटीना पहली बार वर्ष 1962 में विश्व कप में आमने-सामने हुए थे। जब इंग्लैंड ने ग्रुप चरण में 3-1 से जीत हासिल की थी, टीमों ने 1966 के क्वार्टर फाइनल में वेम्बली में प्रतिद्वंद्विता की नींव रखी थी। इंग्लैंड ने उस मैच में 1-0 से जीत हासिल की, जिसे ज्योफ हर्स्ट के देर से विजेता के रूप में कम, अर्जेंटीना के कप्तान एंटोनियो रैटिन की बर्खास्तगी के लिए याद किया जाता है। इस मुकाबले में इंग्लैंड ने ट्रॉफी तो जीत ली थी, लेकिन उस मुकाबले की खराब भावना दशकों तक बनी रही। अब 20 वर्ष बाद मेक्सिको सिटी के एज्टेका स्टेडियम में फाइनल में जगह बनाने की जंग होगी। बता दें कि स्वीट्जरलैंड को हराने के बाद अर्जेंटीना फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। इसी के साथ ही लियोनेल स्कालोनी ने एक बार फिर रिकॉर्ड तोड़ने के साथ ही नेशनल टीम के इतिहास के सबसे अहम मैनेजरों में अपनी जगह पक्की कर ली है।

# पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव के लिए पूरी तरह बंद नहीं हुए दरवाजे!

एजेंसी, लंदन।



भारतीय टी20 टीम के पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव के लिए वापसी के दरवाजे अभी पूरी तरह बंद नहीं हुए हैं। सूर्यकुमार की अगुआई में भारत ने इस साल टी20 विश्व कप का खिताब बचाया था। लेकिन इसके बाद उन्हें ना सिर्फ कप्तानी से हटाया गया, बल्कि टीम से भी उनका पत्ता कट गया। सूर्यकुमार की जगह श्रेयस अय्यर को टी20 टीम की कमान सौंपी गई। भारत को श्रेयस की कप्तानी में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में हार का सामना करना पड़ा।

### वापसी की राह बेहद मुश्किल

सूर्यकुमार अगले कुछ महीनों में 36 वर्ष के होने जा रहे हैं और अगला टी20 विश्व कप 2028 में होना है। ऐसे में उनकी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की राह काफी मुश्किल नजर आ रही है। हालांकि, उनके फैंस के लिए एक राहत भरी खबर भी है। न्यूज एएनआई के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस स्टार खिलाड़ी के लिए राष्ट्रीय टीम के दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं किए हैं। लेकिन टीम में दोबारा जगह बनाने के लिए उन्हें घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बनाकर अपना दावा मजबूत करना होगा।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'सूर्यकुमार यादव के लिए दरवाजे अभी भी खुले हैं। वह फिलहाल चयनकर्ताओं की भविष्य की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन अगर वह घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बनाते हैं, तो वह वापसी के हकदार बने रहेंगे।' अब सूर्यकुमार को वापस घरेलू क्रिकेट का रुख करना होगा, जहां वह मुंबई की टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारतीय टीम में दोबारा वापसी के मोटिवेशन के साथ-साथ अब उन्हें अपनी चमक बिखेरने के लिए कुछ असाधारण पारियां खेलनी होंगी।

### कैसा रहा है हालिया प्रदर्शन?

सूर्यकुमार यादव का पिछला कुछ समय उतार-चढ़ाव भरा रहा है। बीते साल सूर्यकुमार का बल्ला पूरी तरह खामोश रहा, जहां वह 19 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके। इस साल की शुरूआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में उन्होंने फॉर्म में वापसी के संकेत दिए और पांच मैचों में तीन अर्धशतक जड़े। टी20 विश्व कप 2026 के अभियान की शुरूआत सूर्यकुमार ने 84 रनों की मैच जिताऊ नाबाद पारी से की थी, लेकिन इसके बाद अगले आठ मैचों में वह सिर्फ 158 रन ही बना सके। फाइनल मुकाबले में तो वह खाता भी नहीं खोल पाए। आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलते हुए सूर्यकुमार ने 13 पारियों में 147.54 के स्ट्राइक रेट से 270 रन बनाए। आईपीएल और विश्व कप के इस प्रदर्शन के बाद ही चयनकर्ताओं ने उन्हें भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से बाहर करने का कड़ा फैसला लिया।

# मनोरंजन

## 'अब मैं एसेक्सुअल हूं', आकांक्षा चमोला का बड़ा खुलासा; कहा- मुझे किसी के साथ इंटिमेट नहीं होना

लॉक अप 2 के हालिया एपिसोड में आकांक्षा चमोला ने एक बड़ा दावा किया। कुछ दिन पहले ही उन्होंने खुद को बाईसेक्शुअल बताया था। अब उन्होंने दावा किया है कि वह एसेक्सुअल हैं। वरुण यादव से बात करते हुए आकांक्षा ने कहा कि गौरव खन्ना से तलाक के बाद वह दोबारा शादी नहीं करना चाहतीं और उन्हें किसी के साथ यौन संबंध बनाने की इच्छा नहीं होती।

### मेरा अलग फेज चल रहा है

हिंदुस्तान टाइम्स के अनुसार, आकांक्षा ने कहा, ''मुझे डर बैठ गया है। कामुकता बदलती रहती है। आप के फेज के ऊपर होता है। मेरा अभी तलाक हो रहा है। मुझे अभी किसी के साथ संबंध नहीं बनाने। लड़कियों के साथ भी नहीं चाहिए, आदमियों के साथ भी नहीं चाहिए। मेरा अलग फेज चल रहा है, इसे एसेक्सुअल कहा जाता है।''



### मुझे महिलाएं पसंद हैं

दिलचस्प बात यह है कि यह सब तब हुआ जब श्रेया कालरा ने आकांक्षा की दूसरी 'लाइफलाइन' का खुलासा किया और बताया कि एक्ट्रेस बाइसेक्शुअल हैं। आकांक्षा ने भी इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''श्रेया ने ऐसा इसलिए सोचा क्योंकि मैं सभी के साथ खूब मस्ती करती हूं। मैंने खुद कभी उन्हें नहीं बताया कि मैं बाइसेक्शुअल हूं, लेकिन यह मेरे सीक्रेट्स में से एक है। शादी से पहले मैं बाइसेक्शुअल थी। लड़कियों के साथ मेरे कुछ रिश्ते रहे हैं। हालांकि उनमें कोई इंटिमेसी नहीं थी, लेकिन मैं कुछ महिलाओं के साथ रिलेशनशिप में रही हूं। मुझे महिलाएं पसंद हैं। यह मेरे लिए एक सेफ स्पेस है। यह दुनिया काफी हद तक पुरुषों के दबदबे वाली है, इसलिए महिलाओं के साथ एक कम्फर्ट जोन बन जाता है। मुझे वह फेमिनिन एनर्जी पसंद है। मैं उसी से आगे बढ़ती हूं। ऐसे समाज में जहां लोग सोचते हैं कि लड़कियां हमेशा एक-दूसरे से मुकाबला करती हैं और जलती हैं, मैं इससे सहमत नहीं हूं। मुझे लगता है कि इस गेम में पहले दिन से सिर्फ मेरा ही पदार्फाश हो रहा है।''

### तलाक ले रहे हैं गौरव-आकांक्षा

नवंबर 2016 में शादी के बंधन में बंधे आकांक्षा और गौरव अब अलग हो रहे हैं। 'लॉक अप 2' के प्रीमियर एपिसोड में आकांक्षा ने यह बात बताई और कहा कि वे पिछले 18 महीनों से अलग रह रहे हैं।

हालांकि, जब बाद में गौरव शो में आए तो उन्होंने साफ किया कि हमने बस इस बारे में बात की थी। कोई पिटीशन साइन नहीं की गई है और कुछ भी ऑफिशियल नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि कानूनी तौर पर वे अभी भी एक कपल हैं।

## 'तीन मुसाफिर; अधूरी मोहब्बत... और ढेर सारे फलसफे'; सीरीज 'मुसाफिर कैफे' का ट्रेलर जारी

विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की 'मुसाफिर कैफे' का ट्रेलर आज 14 जुलाई को रिलीज हो गया है। इसमें तीन मुसाफिरों की अधूरी प्रेम कहानी की झलक देखने को मिली है। यह सीरीज इसी महीने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। मगर, उससे पहले जानिए ट्रेलर कैसा है?

### चंदर और सुधा की मुलाकात से शुरूआत

ट्रेलर की शुरूआत लाइब्रेरी के एक सीन से होती है, जहां चंदर (विक्रांत मैसी) और सुधा (वेदिका पिंटो) एक-दूसरे से बातें कर रहे हैं। वहीं, बैकग्राउंड में आवाज आ रही है, 'जिंदगी में हर मुसाफिर किसी वजह से मिलता है। कोई थोड़ी देर के लिए। कोई जिंदगी भर के लिए'। इसके बाद सुधार और चंदर के बीच करीबी बढ़ती है। दोनों साथ घूमते-फिरते हैं। प्यार होता है। वेदिका कहती हैं, 'तुम जैसे लोग थोड़ी देर से मिलते हैं'। विक्रांत कहते हैं, 'और, तुम जैसे लोग ज्यादा रुकते नहीं'। इसी के साथ इस प्रेम कहानी पर विराम लगता है। विक्रांत दर्द में तड़पते हैं। वेदिका एक वकील की भूमिका में हैं।

### चंदर की जिंदगी में प्रीति की एंट्री

अगला सीन है, जहां क्लास चल रही होती है। किसी किताब के अंश समझाते हुए शिक्षक विद्यार्थियों से कहते हैं, 'मोहब्बत का अजीब ही तरीका होता है। वो फिर से लौट आती है। किसी नए रूप में। किसी नई मुस्कुराहट के साथ'। इसी के साथ एंट्री होती है महिमा मकवाना की, जो प्रीति की भूमिका में हैं। किसी नई मुस्कुराहट के साथ'। प्रीति धीरे-धीरे चंदर की तरफ आगे बढ़ती है, लेकिन चंदर तो सुधा की यादों में है। तब प्रीति समझाती है, 'कहां लिखा है ऐसा रूल कि हम दो लोगों को अलग-अलग लाइफ स्टेज में प्यार नहीं कर सकते'।





### सुधा की वापसी और आगे क्या?

चंदर और प्रीति का रिश्ता आगे बढ़ता है। प्रीति कहती है, 'चंदर की जिंदगी में अगर सुधा नहीं होती तो यह कैफे इतना स्पेशल नहीं होता'। चंदर कहता है, 'सब जानते हैं कि यही वो लड़की है, जो इस कैफे को इतना स्पेशल बनाती है'। बैकग्राउंड में आवाज आती है, 'हम पर किसी के होने का असर उतना ही होता है, जितना ना होने का'। प्रीति का एक डर है जो सवाल के रूप में उभरता है और वह चंदर से पूछती है, 'मान लो किसी दिन अचानक तुम्हें सुधा मिल गई तो'? चंदर चौंक जाता है। और, अचानक सुधा मिल भी जाती है। बैकग्राउंड से फिर आवाज आती है, 'कभी कभी सबसे बड़ा सफर वो होता है, जहां हम किसी नई जगह नहीं, बल्कि उस मोहब्बत के पास जाते हैं, जिसे हम खो चुके हैं'।

### कब रिलीज होगी सीरीज?

विरह किसके हिस्से में आएगा? यह ट्रेलर देखकर अंदाजा लगा सकते हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता विक्रांत मैसी फिर अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीतते दिखे हैं। वेदिका और महिमा का अभिनय भी शानदार है। सीरीज के ट्रेलर एक ठहराव के साथ आगे बढ़ता है। डायलॉग काफी शानदार हैं। दर्शक इसे 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। 'मुसाफिर कैफे' दिव्य प्रकाश दुबे के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है।



## सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर रिलीज होगी सामंथा की 'मां इंटी बंगारम'

सामंथा रुथ प्रभु की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मां इंटी बंगारम' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर आने को तैयार है। फिल्म 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और तब से इसने दुनिया भर में 100 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की है। यह फिल्म महिलाओं के लीड रोल वाली पहली तेलुगु फिल्म बन गई है, जिसने यह मुकाम हासिल किया है। यह फिल्म जल्द ही ओटीटी पर आएगी।

### 17 जुलाई से ओटीटी पर स्ट्रीम करेगी फिल्म

'मां इंटी बंगाराम' अपनी रिलीज के 28 दिन बाद 17 जुलाई से जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। घोषणा करते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म ने लिखा, '17 जुलाई को बस देखते जाओ हम उन सभी को बुरी तरह हरा देंगे। प्यार से, मेरे दोस्त। 'मां इंटी बंगाराम' 17 जुलाई से जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग करेंगी।'

हालांकि, घोषणा में यह नहीं बताया गया कि फिल्म तेलुगु के अलावा किन भाषाओं में स्ट्रीम होगी, फिर भी कई लोगों को यह जानने की उत्सुकता थी कि क्या यह हिंदी में भी उपलब्ध होगी। जियोहॉटस्टार वेबसाइट के अनुसार, 'मां इंटी बंगारम' हिंदी में रिलीज नहीं होगी, लेकिन तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में उपलब्ध होगी।

### ऐसी है फिल्म की कहानी

'मां इंटी बंगारम' का निर्देशन नंदिनी रेड्डी ने किया है, इसे राज निदिमोरू ने बनाया है। फिल्म में समांथा मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही गुलशन देवैया, मंजूषा मुक्काविल्ली, दिगंत मंचले, श्रीमुखी, गौतमी और अन्य कलाकार भी हैं।

इसका संगीत संतोष नारायणन ने तैयार किया है। फिल्म की कहानी स्वर्ण (समांथा) की है, जो शादी के दो साल बाद पहली बार अपने पति अनिरुद्ध (दिगंत) के परिवार से मिलने जाती है।

जब वह परिवार को प्रभावित करने की कोशिश कर रही होती है, ठीक वैसे ही जैसे उनकी दूसरी बहू अनुसूया (श्रीमुखी) ने किया था। तभी उसके अतीत से जुड़ी समस्याएं करुणा (गुलशन) के रूप में सामने आती हैं।

स्वर्ण यह पक्का करने के लिए हर मुमकिन कोशिश करती है कि उसके नए परिवार को उसके हिंसक अतीत के बारे में कुछ भी पता न चले, भले ही इसके लिए उसे खुद भी हिंसा का सहारा क्यों न लेना पड़े।

## किम ने हैमिल्टन संग रिश्ते पर लगाई मुहर



मशहूर हॉलीवुड सेलिब्रिटी किम कार्दशियन और फॉर्मूला वन चैंपियन लुईस हैमिल्टन के रिलेशनशिप में होने की अटकलें काफी समय से लग रही थीं। दोनों को अक्सर साथ देखा जाता था। सोमवार देर रात किम कार्दशियन ने इंस्टाग्राम पर फैमिली, फ्रेंड्स के साथ कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें लुईस हैमिल्टन भी नजर आए। इन तस्वीरों को देखकर फैंस ने भी रिएक्शन दिए हैं।

### रोमांटिक अंदाज में दिए पोज

किम कार्दशियन ने लुईस के साथ जो तस्वीर पोस्ट की है, उसमें इनकी नजदीकियां साफ नजर आ रही हैं। दोनों किसी कपल की तरह फोटो क्लिक करवा रहे हैं। साथ में किम का छोटा बेटा भी नजर आ रहा है। आगे तस्वीरों में किम के दोस्त हैं, जो उनके साथ गेट-टुगेदर को एंज्वॉय कर रहे हैं।

### फैंस ने भी दिए किम की पोस्ट पर रिएक्शन

किम कार्दशियन के फैंस ने जब लुईस के साथ उनकी तस्वीर इंस्टाग्राम पर देखी तो जमकर रिएक्शन दिए। कई फैंस ने क्यूट फैमिली जैसे कमेंट लिखे। वहीं कुछ फैंस ने हार्ट, फायर इमोजी इस जोड़ी के लिए पोस्ट किए।

### कब से लगी थीं किम और लुईस के रिश्ते की अटकलें?

फरवरी 2015 में सिंगर निकोल शर्जिंगर से लुईस का रिश्ता खत्म हुआ था। फिर 2021 में किम कार्दशियन का भी सिंगर रैपर कान्ये वेस्ट से तलाक हुआ। लुईस और किम के बीच दोस्ती काफी समय से थी लेकिन इनके रिश्ते को लेकर अटकलें साल 2026 में लगीं, जब किम और लुईस को नए साल का जश्न साथ मनाते हुए देखा गया।

फिर दोनों को इंग्लैंड और पेरिस में भी साथ देखा गया। द सन की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों ने पेरिस में एक रोमांटिक वेकेशन गुजारा था। दोनों एक ही होटल में अलग-अलग वक्त पर आए लेकिन अंदर साथ ही गए। अब किम ने खुद ही लुईस के साथ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी हैं तो इनके रिश्ते पर मुहर लग ही गई है।